इस निर्णय का महत्वपूर्ण पक्ष यही है कि न्यायालय ने सामूहिक प्रदर्शन और व्यक्तिगत आपराधिक आचरण के बीच अंतर बनाए रखा। प्रदर्शन में भागीदारी और किसी व्यक्ति द्वारा किया गया विशिष्ट अपराध एक ही बात नहीं है। लोकतंत्र में इस अंतर को बचाए रखना उतना ही जरूरी है जितना असहमति के अधिकार की रक्षा करना, लेकिन निर्णय से अनुच्छेद 142 की सीमा को लेकर बड़ा संवैधानिक प्रश्न भी उठता है। सर्वोच्च न्यायालय को 'पूर्ण न्याय' की शक्ति इसलिए दी गई है कि असाधारण परिस्थितियों में संभवतः सामान्य कानूनी उपाय पर्याप्त न हों। हालांकि यह कानून का विकल्प नहीं, न्याय की पूरक शक्ति है। इसका प्रयोग किसी विशिष्ट अन्याय को दूर कर सकता है, लेकिन ऐसा सामान्य सिद्धांत नहीं बना सकता जिससे कानून की बाध्यता या व्यक्तिगत आपराधिक उत्तरदायित्व कमजोर पड़े। पूर्ण न्याय का अर्थ कानून को पीछे छोड़ना नहीं, बल्कि मामले की विशिष्टता और विधि के सामान्य अनुशासन के बीच संतुलन बनाना है। अनुच्छेद 142 की विश्वसनीयता इसी में है कि उसका असाधारण प्रयोग अपवाद रहे, सामान्य अपेक्षा न बने। यदि किसी विशेष परिस्थिति में दी गई राहत को आगे चलकर हर सामूहिक आंदोलन के लिए कानूनी प्रतिरक्षा की तरह देखा जाने लगे, तो न्यायिक अपवाद धीरे-धीरे सामान्य अपेक्षा बन सकता है। तब सामूहिकता व्यक्तिगत उत्तरदायित्व पर हावी होने लगेगी और कानून की समान बाध्यता का सिद्धांत कमजोर पड़ेगा, पर राज्य के लिए भी तो यही कसौटी है। यदि हर सामूहिक विरोध को संभावित अराजकता मानकर कठोरता से नियंत्रित किया गया, तब कानून-व्यवस्था के नाम पर संवैधानिक स्वतंत्रता का दायरा सिकुड़ जाएगा।

स्पष्ट है कि न्यायपालिका की भूमिका सबसे कठिन है। उसे यह परखना होगा कि राज्य की कार्रवाई वास्तविक कानून-व्यवस्था की आवश्यकता से प्रेरित है या असहमति को दबाने से और साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी आंदोलन की सामूहिक पहचान किसी व्यक्ति के विशिष्ट अपराध की ढाल न बन जाए। न्यायिक उदारता का अर्थ उत्तरदायित्व से छूट नहीं और न्यायिक कठोरता का अर्थ स्वतंत्रता का संकुचन नहीं। न्यायपालिका की विश्वसनीयता इसी में है कि वह राज्य और नागरिक, दोनों को संविधान की एक ही कसौटी पर तौले। यही लोकतंत्र का मूल द्वंद्व है कि कानून के बिना स्वतंत्रता अराजकता में बदल सकती है और स्वतंत्रता के बिना कानून दमन का औजार। राज्य की शक्ति इतनी न बढ़े कि विरोध की आवाज दब जाए और स्वतंत्रता इतनी निरंकुश न हो कि कानून की बाध्यता ही संदिग्ध हो जाए। 'जुरिस्प्रूडेंस आफ अनार्की' का रूपक इसी संभावित असंतुलन के प्रति चेतावनी है। इसका आशय आंदोलन को अराजक कहना नहीं, बल्कि उस स्थिति से सावधान करना है, जिसमें सामूहिक असहमति के नाम पर निजी उत्तरदायित्व और न्यायिक अपवाद के नाम पर कानून की सामान्य बाध्यता कमजोर पड़ने लगे। डा. आंबेडकर की चेतावनी नागरिकों के लिए ही नहीं, राज्य और संवैधानिक संस्थाओं के लिए भी है। नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ जुड़ी जिम्मेदारी स्वीकारनी होगी तो राज्य को असहमति के संवैधानिक अधिकार की रक्षा करनी होगी, वहीं न्यायपालिका को सुनिश्चित करना होगा कि असाधारण शक्ति न्याय का साधन बने, कानून से ऊपर जाने का माध्यम नहीं। लोकतंत्र की परिपक्वता इसी संतुलन में है कि विरोध का अधिकार सुरक्षित रहे, पर उत्तरदायित्व की कीमत पर नहीं और न्याय मिले, लेकिन अपवाद नियम न बन जाए।

(लेखक विधि विशेषज्ञ हैं)
response@jagran.com

सिनेमा ने हिंदी को बनाया जन की भाषा

डा. रागिनी नायक

आज जहां हमारी हिंदी हैं, वहां उसके ऐसे खड़े होने की जमीन तैयार करने में हिंदी फिल्मों की अहम भूमिका रही



एक रोज टीवी डिबेट में एंकर ने मुझसे पूछा कि कितने लोग पार्टियां बदल रहे हैं, उन्हें बड़े पद मिल रहे हैं-क्या आपका कोई विचार है कांग्रेस छोड़ने का? लंबा-चौड़ा जवाब दे सकती थी, लेकिन अनायास ही मेरे मुंह से निकला, 'कांग्रेस का इश्क मैं कैसे छोड़ दूं, मेरी उम्र भर की तलाश है।' ऐसा हम सबके साथ न जाने कितनी बार हुआ होगा कि किसी सवाल के जवाब में फिल्मी गाने की कोई लाइन बोल दी हो या कोई धमाकेदार डायलाग। विरले ही होंगे, जिन्होंने फिल्मी गानों की अंताक्षरी न खेली हो या फिल्मों के नाम पहचानने वाला डंब शराड्स। हिंदी फिल्मों ने हिंदी में अभिव्यक्ति को नीरसता से बचा के रखा, उसने हिंदी को केवल बोला नहीं, उसे देश भर में एक खनक के साथ सुनाया। सिनेमा ने हिंदी को व्याकरण की किताबों और अकादमिक बहसों के बोझ से आजाद किया। आज जहां हिंदी है, वहां खड़े होने की जमीन हिंदी सिनेमा ने तैयार की और पूरे देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में हिंदी का एक विशिष्ट समुदाय बनाया।

मेरे फूफा जी, पर्यावरणविद् अनुपम मिश्र कहते थे कि 'भाषा का मतलब सिर्फ जीभ नहीं है, भाषा हमारा मन और माथा भी है।' इस बड़े हिंदी और गैर हिंदी-भाषी समाज के मन और माथे में पैठ बनाने के लिए हिंदी सिनेमा ने हिंदी भाषा का आलंकारिक और क्लिष्ट लिबास उतार फेंका और उसे सीधी-सादी जुबान में अपना लिया। 'बयां ऐसा कि दिल माने/जुबां ऐसी कि सब समझें' उसका सिद्धांत बन गया। यही कारण है कि भाषा के तमाम विरोध और विवादों के बावजूद हिंदी सिनेमा बढ़ता गया और हिंदी भाषा का मार्ग प्रशस्त करता गया। एक लंबे समय तक बंबई के हिंदी फिल्म जगत में गैर-हिंदी भाषी लोगों का दबदबा रहा। जैसे कि बिमल राय, महबूब खां, गुरुदत्त, शशधर मुखर्जी, लता मंगेशकर, शमशाद बेगम, गीता दत्त, रफी, किशोर, तलत महमूद, मन्ना डे, हेमंत कुमार। एक समय मंटो, राजेंद्र सिंह बेदी, राही मासूम रजा, शकील, साहिर, शैलेंद्र, मजरूह सुल्तानपुरी आदि ने मिलकर ऐसी हिंदी तैयार की जो सबके गले उतरी। उसमें उर्दू की नजाकत घुली, क्षेत्रीय बोलियों का सोंधापन मिला और समय के साथ अंग्रेजी के शब्दों को भी सहजता से अपना लिया गया। इसी खुलेपन ने हिंदी को 'अभिजात वर्ग' की तिजोरी से निकालकर 'अवाम' की धड़कन बना दिया। हिंदी सिनेमा ने इस भाषा को वह लचीलापन भी दिया, जिससे यह सुदूर दक्षिण के समुद्र तटों से लेकर पूर्वोत्तर के पहाड़ों तक सहजता से गुनगुनाई जाने लगी।

समय के साथ हिंदी का होता विस्तार। प्रतीकात्मक

फिल्मी गीतों ने भी हिंदी भाषा का पूरा साथ दिया। हमारे हर सुख-दुख के लिए, हर मौसम, हर तीज-त्योहार के लिए कोई न कोई गीत मौजूद है। जैसे कि 'साथी हाथ बढ़ाना...', 'डम-डम डीगा डीगा मौसम भीगा-भीगा...', 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं...।' फिल्म संगीत में आकर गीत, गजल, कव्वाली सब ऐसे घुलमिल गए जैसे दूध और चीनी। जैसे कि 'परदा है परदा...', 'किसी नजर को तेरा इंतजार आज भी है...।' कुछ गीत और मुहावरेदार पंक्तियां सीधे दिल-दिमाग में उतर गए। जैसे कि 'मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया...।' हिंदी फिल्मों ने बिना भेद-भाव धार्मिक आस्था को भी सशक्त किया। जैसे कि 'शिरडी वाले साईं बाबा-आया है तेरे दर पे सवाली...', 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिए...', 'ख्वाजा मेरे ख्वाजा...' आदि गीत जुबान पर चढ़ गए। नैतिक शक्ति को सुदृढ़ करने वाले गीतों की भी कमी नहीं रही। जैसे कि 'इतनी शक्ति हमें देना दाता...', 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम...।' इन सभी गीतों की खूबी ये रही कि इन्हें याद करने की जरूरत नहीं पड़ी, ये अपने-आप ही स्मृति में रच बस गए।

एक अनमोल समय ऐसा भी था जब फिल्मों ने हमें कुछ ऐसे संस्कार दिए, जिनसे हमारी सभ्यता और विरासत पुष्ट हुई। 'ए मेरे वतन के लोगों...' देश-प्रेम और सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाने वाला अनूठा गीत है। 'मदर इंडिया' में मेहनतकश भारतीय नारी का देश की आम महिला के संघर्ष से अद्भुत मेल है। शैलेंद्र का गीत 'हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है...' वाकई एक नारा बन गया तो 'बहुत कठिन है डगर पनघट की...' एक मुहावरा। 'प्यार किया तो डरना क्या' जैसी लाजवाब पंक्ति हो या 'दीवार' का वह मशहूर डायलाग 'मेरे पास मां है', हिंदी को सहेजने और संवारने का उपकार तो फिल्म जगत ने किया।

हिंदी फिल्मों का मूल उद्देश्य तो मनोरंजन ही है, लेकिन हिंदी सिनेमा ने भाषा का लोकतंत्रीकरण तो किया ही। उसने हिंदी को किसी नियम-पुस्तिका में बंद भाषा नहीं रहने दिया, बल्कि उसे बोलचाल, भावनाओं और सामूहिक स्मृति की भाषा बना दिया, जिसमें हर जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा के लोग अपने सुख-दुख, प्रेम, विरह, हास्य और संघर्ष को कह सकें, लेकिन क्या हिंदी सिनेमा की सरल, सजल शब्दों-धारा, जो हिंदी भाषा में मिठास घोलती थी, आज आडंबर और बनावट भरे शब्दों से हिंदी को खारा बना रही है? क्या हिंदी भाषा अपने ही आंगन में पराई हो रही है, यह मैं पाठक के विवेक पर छोड़ती हूं!

(लेखिका कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

प्रत्यक्ष देवता

'ददातीति देवः' यानी जो देता है, वह देवता है। सामान्यतः संसार-व्यवहार में यह देखा जाता है कि बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जो देने और लेने का व्यवहार करते हैं। किंतु वे ऐसे नहीं होते, जो निःस्वार्थ भाव से लेन-देन का काम करते हों। कोई अपने किसी तात्कालिक स्वार्थ के लिए तो दूसरा कोई अर्थ-प्राप्ति के लिए अथवा दीर्घकालिक यश-प्राप्ति के लिए लेन-देन करता है। इसीलिए वे देव श्रेणी में नहीं गिने जाते हैं। वे मनुष्य-श्रेणी में ही परिगणित होते हैं। वैसे तो भारतीय परंपरा में तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं की मान्यता है, जिनमें से कुछ प्रत्यक्ष हैं और कुछ अप्रत्यक्ष। तैत्तिरीय उपनिषद् में इन्हीं मनुष्यों के बीच से तीन ऐसे व्यक्तियों के बारे में वर्णन किया गया है, जिनके बिना हमारे मानव होने की कल्पना नहीं हो सकती और जिनका जीवन-आचरण ही सनातन धर्म है। वहां पर यह उल्लिखित है कि 'मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव। एष धर्मः सनातनः।' अर्थात माता देवी है, पिता और आचार्य देवता हैं। इनके आचार-व्यवहार का अनुकरण ही सनातन धर्म है।

माता हमें जन्म देने वाली वह शक्ति है, जो अपने जीवन को दांव पर लगाकर न केवल हमें जन्म देती है, अपितु हमारे मल-मूत्र को हमारे पूरे बाल-जीवन में बिना घृणा ऐसे साफ रखती है जैसे कोई दूसरा कर ही नहीं सकता। उसका पेट भरा हो या वह कई दिन की भूखी हो, जब तक उसके बच्चे का पेट नहीं भर जाता, वह रोटी का एक टुकड़ा भी अपने मुंह में नहीं रखती। पिता अपनी संतान के जीवन को विशिष्ट बनाने के लिए अपना जीवन भी दे सकता है। शास्त्र कहते हैं कि मनुष्य और पशु की प्रवृत्ति में कोई अंतर नहीं होता। किंतु आचार्य यानी शिक्षक उसे अपने ज्ञान की ज्योति से सुसंस्कृत मनुष्य बना देते हैं और किसी से कोई अपेक्षा नहीं करते। इसलिए ये प्रत्यक्ष देवता हैं।

डा. गदाधर त्रिपाठी

लोक की कहानी ने सिनेमा को दी नई राह

श्याम यादव

> **सिनेमा में प्रयोग का महत्व तभी हैं, जब वह दर्शक के भीतर कोई सवाल, अनुभूति या विचार भी पैदा करे**

सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है। वह समाज की स्मृतियों, मान्यताओं, सपनों और बदलती संवेदनाओं का आईना भी है। इसलिए सिनेमा में प्रयोग का महत्व तभी है, जब वह दर्शक को केवल चौंकाए नहीं, बल्कि उसके भीतर कोई सवाल, अनुभूति या विचार भी पैदा करे। प्रयोग का अर्थ सिर्फ नई तकनीक, बड़े बजट या असामान्य दृश्य नहीं है। कई बार असली प्रयोग उस कहानी को सामने लाने में होता है, जिसे बाजार की सामान्य दृष्टि महत्वहीन समझ सकती है। 'हनुमान अंश' इसी व्यापक संदर्भ में विचार करने का अवसर देती है। नीब करौरी बाबा के जीवन से जुड़े लोक में प्रचलित प्रसंगों और आध्यात्मिक मान्यताओं को कथा का आधार बनाना इस बात की ओर संकेत करता है कि हमारी लोक-स्मृतियों में आज भी ऐसी अनेक कहानियां मौजूद हैं, जिनमें समकालीन समाज से संवाद करने की क्षमता है।

आज का सिनेमा अक्सर महानगरों की चमक, उपभोक्तावाद और लोकप्रिय संस्कृति के आसपास घूमता दिखाई देता है। ऐसे में गांव, खेत, नदी, पोखर और पहाड़ केवल भौगोलिक स्थान नहीं रह जाते, वे उस भारत की याद दिलाते हैं, जो हमारी सामूहिक स्मृति में अब भी जीवित है। विकास की दौड़ में पीछे छूटते जा रहे इन परिवेशों को पर्दे पर जगह देना दरअसल उन जीवन-शैलियों और संवेदनाओं को महत्व देना है, जिन्हें बाजार की भाषा में आसानी से नहीं मापा जा सकता। लोकसंगीत केवल अतीत की चीज नहीं है। उसमें किसी समाज की भाषा, स्मृति, श्रम, उत्सव, दुख और सामूहिक अनुभव सुरक्षित रहते हैं।

दरअसल सिनेमा का भविष्य केवल तकनीकी चमत्कारों में नहीं है। उसकी ताकत उन कहानियों में भी है, जो अपनी जमीन से निकलती हैं और फिर व्यापक समाज से संवाद करती हैं। दर्शक को हमेशा बड़े नाम, महंगे सेट और चमकदार प्रस्तुति की जरूरत नहीं होती। उसे कभी-कभी ऐसी कहानी भी चाहिए, जिसमें उसे अपनी मिट्टी, अपनी भाषा, अपने लोगों और अपनी स्मृतियों की झलक दिखाई दे। 'हनुमान अंश' को इसी दृष्टि से देखना अधिक सार्थक है। यह किसी एक फिल्म की सफलता या असफलता का प्रश्न नहीं, बल्कि उस संभावना का प्रश्न है कि क्या सिनेमा लोकप्रियता की स्थापित सीमाओं से बाहर निकलकर अपनी जड़ों से संवाद कर सकता है। यदि ऐसा होता है, तो अनजान चेहरा भी पहचान बना सकता है, लोकधुन भी आधुनिक मंच पर अपनी जगह पा सकती है और गांव की साधारण-सी कहानी भी व्यापक समाज के लिए महत्वपूर्ण बन सकती है। सिनेमा की असली चमक शायद यहीं है-वह हमें केवल कुछ दिखाए नहीं, बल्कि हमें यह भी याद दिलाए कि हम कौन हैं और अपनी यात्रा में क्या पीछे छोड़ आए हैं।

(लेखक सिनेमा के जानकार हैं)

बढ़ते शहर और घटती सुविधाएं

'शहरों की बिगड़ती सूरत' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में संजय गुप्त ने शहरीकरण के पीछे छिपे उस संकट को रेखांकित किया है, जहां विकास की चमक नागरिक जीवन की असुविधाओं को ढक नहीं पा रही। ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़कें और नई परियोजनाएं आधुनिक शहर की पहचान अवश्य बनती हैं, लेकिन जाम, जलभराव, प्रदूषण, अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात बता रहे हैं कि शहरों का विस्तार उनकी नियोजन क्षमता से आगे निकल गया है। समस्या केवल निर्माण की गति नहीं, बल्कि निर्माण और नागरिक जरूरतों के बीच बढ़ती दूरी है। दिल्ली और उत्तर प्रदेश के तेजी से विकसित होते शहरों तक यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या आवासीय विस्तार के साथ पर्याप्त सड़क, जलनिकासी, हरित क्षेत्र, सार्वजनिक परिवहन और स्वास्थ्य सुविधाएं भी विकसित हुई हैं। शहर यदि केवल कंक्रीट का जंगल बन जाए तो उसकी ऊंचाई विकास नहीं, नियोजन की विफलता का प्रतीक बन सकती है। जरूरत ऐसी नगरीय दृष्टि की है जिसमें सड़क बनने से पहले यातायात, इमारत बनने से पहले जलनिकासी और कालोनी बसने से पहले सार्वजनिक सेवाओं की क्षमता सुनिश्चित हो। डिजिटल स्वीकृति व्यवस्था, निर्माण की स्वतंत्र निगरानी, अतिक्रमण पर निष्पक्ष कार्रवाई और स्थानीय निकायों की जवाबदेही इस दिशा में प्रभावी कदम हो सकते हैं। शहर केवल इमारतों से नहीं बनते, वे नागरिकों के सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन से अपनी पहचान पाते हैं।

awanishg30@gmail.com

मेलबाक्स

ब्रिक्स से उम्मीद

पृथ्वी एक परिवार है, इस परिवार में सारी दुनिया बसती है। परिवार का भविष्य तभी उज्ज्वल होता है, जब परिवार के सभी सदस्य मिल-जुलकर काम करते हैं। ब्रिक्स समूह के सदस्यों को आपस में व्यापार को बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए। दुनिया के सभी देश एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में निर्भर हैं। इसलिए विश्वव्यापी समस्याओं को लेकर सभी देशों का एकजुट होना बहुत जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के हल तभी संभव है, जब सभी देश अपना स्वार्थ, अहंकार त्यागकर गंभीर हों।

राजेश कुमार चौहान, जालंधर

भारतीय कूटनीति की विजय

नई दिल्ली में संपन्न ब्रिक्स सम्मेलन के संयुक्त घोषणापत्र में आतंकवाद और टेरर फंडिंग के विरुद्ध सदस्य देशों का एक साझा स्वर में आना भारतीय कूटनीति की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। सदस्य राष्ट्रों के बीच मौजूद अंतर्विरोधों और जटिल भू-राजनीतिक समीकरणों के बावजूद इस संवेदनशील विषय पर सर्वसम्मति साधना भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है। यह घटनाक्रम प्रमाणित करता है कि 'वसुधैव कुटुंबकम्' का प्राचीन भारतीय दर्शन केवल एक नैतिक विचार नहीं, बल्कि विभक्त विश्व को एक मंच पर जोड़ने वाली प्रभावी रणनीतिक शक्ति बन चुका है। इस कूटनीतिक सफलता के सामरिक प्रभाव अत्यंत दूरगामी हैं। रूस और चीन जैसे प्रभावशाली देशों का भारत के आतंकवाद-रोधी रुख का अनुमोदन करना तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की मांग पर सकारात्मक रुख अपनाना, अंतरराष्ट्रीय शक्ति-संतुलन में देश के सशक्त होते कद का प्रमाण है। भारत अब केवल वैश्विक घटनाओं का मूकदर्शक नहीं, बल्कि एक स्वीकार्य और तटस्थ समाधानकर्ता के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। चाहे रूस-यूक्रेन संघर्ष में शांति के प्रयास हों या पश्चिम एशिया में संतुलन साधना, भारत की स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति ने सभी पक्षों के बीच विश्वास अर्जित किया है। द्विपक्षीय तनावों के साये में बहुपक्षीय सहमति का यह निर्माण भारत के परिपक्व नेतृत्व और नीतिगत दूरदर्शिता का परिचायक है। कूटनीतिक पटल पर यह बढ़ता प्रभुत्व भारत को एक महाशक्ति के रूप में स्थापित करेगा।

शिवराज उपाध्याय, देवास, मप्र

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

पीयूष कुमार दुबे
सहायक आचार्य, कालेज आफ वोकेशनल स्टडीज, दिल्ली विवि

हिंदी दिवस

वैश्विक स्तर पर सशक्त उपस्थिति

हिंदी भारत की जनभाषा के साथ ही वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। डिजिटल मंचों पर हिंदी सामग्री की अभूतपूर्व वृद्धि, वैश्विक तकनीकी कंपनियों द्वारा हिंदी को दिया जा रहा महत्व एवं अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में हिंदी पाठ्यक्रमों की बढ़ती मांग इस तथ्य को पुष्ट करते हैं। हिंदी केवल साहित्य या भावनाओं की अभिव्यक्ति तक सीमित न रहकर शिक्षा, तकनीक, नवाचार, रोजगार और अंतरराष्ट्रीय संचार की एक समर्थ भाषा बन चुकी है

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल। आधुनिक हिंदी के प्रणेता और भारतीय नवजागरण के प्रखर उद्घोषक भारतेन्दु हरिश्चंद्र का यह अमर दोहा मातृभाषा की उन्नति को ही राष्ट्र की सर्वांगीण प्रगति का मूलाधार घोषित करता है। यह उद्घोषणा केवल एक भाषाई प्रशंसा न होकर इस सत्य की अभिव्यक्ति है कि किसी भी समाज की बौद्धिक और सांस्कृतिक चेतना उसकी मातृभाषा में ही पल्लवित होती है। हिंदी की विकास-यात्रा को इस दृष्टि से देखने पर स्पष्ट होता है कि यह भाषा भारतीय समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक जीवन की सुदृढ़ आधारशिला रही है।

वस्तुतः स्वतंत्रता संग्राम के जन-आंदोलनों से लेकर आज के अत्याधुनिक कृत्रिम मेधा (एआइ) के युग तक, हिंदी ने निरंतर बदलते परिदृश्यों के अनुरूप स्वयं को ढालते हुए एक सशक्त राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान गढ़ी है।

भारतीय समाज में प्रायः यह भ्रांति रही है कि हिंदी में व्यावसायिक अवसर या आजीविका की संभावनाएं नगण्य हैं। जबकि यथार्थ इसके सर्वथा विपरीत है। भारत के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य के सूक्ष्म अवलोकन से यह सिद्ध होता है कि हिंदी बड़े स्तर पर आजीविका प्रदान करने वाली भाषाओं में अग्रणी है। हिंदी समाचार-पत्र आज भी देश के मीडिया उद्योग का सर्वाधिक सशक्त स्तंभ हैं, जिनका पाठकवर्ग करोड़ों में है। 'आडिट ब्यूरो आफ सर्कुलेशन' के आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि हिंदी समाचार-पत्रों का प्रसार भारत में किसी भी अन्य भाषा से कहीं अधिक है। यह उद्योग प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से लाखों की संख्या में पत्रकारों, संपादकों, मुद्रण-कर्मियों तथा वितरण-तंत्र से जुड़े लोगों की आजीविका का साधन है। इसी प्रकार, हिंदी सिनेमा और टीवी उद्योग न केवल राष्ट्रीय, अपितु वैश्विक मनोरंजन बाजार में अरबों डालर का कारोबार करते हुए लाखों लोगों का रोजगार सुनिश्चित कर रहा है। वहीं स्मार्टफोन के उभार ने पिछले एक दशक में डिजिटल माध्यमों में भी हिंदी के बाजार को बढ़ावा दिया है। यह सही है कि समाचार पत्रों के प्रिंट संस्करण का विस्तार अब नहीं हो रहा है, परंतु यह भी सही है कि हिंदी भाषी क्षेत्र में हिंदी समाचार-पत्रों की पहुंच प्रत्येक गांव तक हो चुकी है। डिजिटल माध्यमों पर भी लोग हिंदी अधिक पढ़-लिख रहे हैं।

आज के आधुनिक तकनीकी युग में हिंदी रोजगार का एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम बन चुकी है। डिजिटल और इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म्स पर हिंदी सामग्री निर्माताओं (कंटेंट क्रिएटर्स) की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। विशेषकर कृत्रिम मेधा के विस्तार और भारत सरकार के 'भाषिणी' जैसे एआइ-संचालित भाषा अनुवाद मिशन भाषाई बाधाओं को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही हैं। आज जेनरेटिव एआइ, चैटबाट, ई-कामर्स और उपभोक्ता सेवाओं के क्षेत्र में हिंदी-दक्षता एक प्रमुख व्यावसायिक योग्यता बन गई है, क्योंकि देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता वर्ग इसी भाषा में संवाद करना सहज मानता है।

व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में भी हिंदी की भूमिका धुरी के समान है। उत्तर और मध्य भारत का विशाल बाजार मुख्यतः हिंदी के बल पर ही गतिमान है, जहां करोड़ों उपभोक्ता इसी भाषा में उत्पादों और सेवाओं से जुड़ते हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए अपने प्रचार-प्रसार, ग्राहक सेवा और विपणन अभियानों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग कर रही हैं। विज्ञापनों की प्रभावशाली हिंदी पंचलाइनें इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। बैंक, बीमा और संचार जैसे कारपोरेट क्षेत्रों में भी हिंदी का बढ़ता प्रयोग रोजगार की नई धाराएं सृजित कर रहा है। वस्तुतः हिंदी केवल सांस्कृतिक पहचान की भाषा न रहकर, व्यापार और वाणिज्यिक गतिविधियों की भी प्रेरक शक्ति बन गई है।

यह सत्य है कि स्वाधीनता के पश्चात् हमारे नीति-निर्माताओं द्वारा हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं पर समुचित ध्यान न दिए जाने के कारण भारत के शैक्षिक परिदृश्य में व्यावसायिक एवं तकनीकी विषयों पर अंग्रेजी का वर्चस्व स्थापित हो गया। अभियांत्रिकी, चिकित्सा, विधि, प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भारतीय भाषाएं हाशिए पर चली गईं, जिससे हिंदीभाषी विद्यार्थियों का एक बड़ा वर्ग अपनी ही भाषा में उच्च शिक्षा से वंचित रह गया। परंतु वर्तमान समय में इस व्यवस्था में एक युगांतरकारी परिवर्तन आ रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत भारतीय भाषाओं में शिक्षा को प्रोत्साहित करने का संकल्प अब धरातल पर ठोस आकार लेने लगा है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में भी अब चिकित्सा और अभियांत्रिकी की पढ़ाई हिंदी माध्यम में होने लगी है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) के 'ई-कुंभ' पोर्टल और 'अनुवादिनी' जैसे एआइ-आधारित उपकरणों की सहायता से अनेक तकनीकी, अकादमिक और विधि की पुस्तकों का प्रामाणिक हिंदी अनुवाद सुलभ हो गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आने वाले समय में हिंदी सहित अन्य भारतीय भाषाओं में ज्ञान-विज्ञान और व्यावसायिक शिक्षा की नींव दृढ़ से दृढ़तर ही होनी है।

विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक होने के नाते हिंदी सांस्कृतिक आदान-प्रदान का सेतु तो है ही, व्यापार, तकनीक, मनोरंजन और शिक्षा के विविध क्षेत्रों में भी नए अवसर सृजित कर रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम हिंदी की इस आधुनिक सामर्थ्य को समझें, स्वीकारें और इसके प्रयोग में किसी भी प्रकार के हीनताबोध से ग्रस्त न हों। जब हम स्वयं अपनी भाषा को पूर्ण आत्मविश्वास और गौरव के साथ अपनाएंगे, तभी हिंदी वैश्विक परिप्रेक्ष्य में और अधिक सशक्त होकर भारत की समग्र प्रगति का पथ प्रशस्त करेगी।

हिंदी को विस्तृत स्वरूप प्रदान करने में समाचार पत्रों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानी जाती है। फाइल

इंटरनेट से समृद्ध हो रही हिंदी की विविधता

डा. अंजनी कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, महात्मा गांधी केंद्रीय विवि, बिहार

हिंदी भाषा की उत्तरोत्तर प्रगति के कारण अहिंदी प्रदेशों में भी यह बोली और लिखी जाने लगी है। इस भाषा के उन्नयन और प्रवाह को गति देने में हिंदी मीडिया की महती भूमिका है। अंग्रेजी प्रकाशक भी अब हिंदी में किताबें प्रकाशित करने लगे हैं। हिंदी समाचार पत्रों की रिकार्ड बिक्री हो रही है। बाजार और लोकप्रियता हिंदी में ही है। थोड़ा पीछे चलें तो पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की हिंदी कुछ कमजोर थी। फिर भी वे लाल किले से हिंदी में ही भाषण देते थे, जबकि हिंदी में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी में देते थे। परंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंग्रेजी में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी हिंदी में देते हैं। हिंदी के परिवेश के कारण अधिकारियों को भी हिंदी में ही उत्तर देना पड़ता है। कई राज्यों में सरकारी कामकाज केवल हिंदी में होते हैं। अब न्याय तंत्रों में धीरे-धीरे ही सही, प्रक्रिया शुरू हो गई है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने एक बार सुझाव दिया था कि संसद में केवल भारतीय भाषाओं में बहस होनी चाहिए। इससे अंग्रेजी के प्रभुत्व को तोड़ने में मदद मिलेगी। नए शब्द गढ़ने के लिए हिंदी के पास संस्कृत की शक्ति है, जिससे हर विषय के शब्द बनाए जा सकते हैं। यह संसार की सर्वश्रेष्ठ, वैज्ञानिक लिपि देवनागरी में लिखी जाती है। सुनिश्चित और स्पष्ट व्याकरण है। कहीं कोई अपवाद नहीं है। जो लिखा जाता है, वही पढ़ा जाता है और जो बोला जाता है, वही लिखा जाता है। परंतु विडंबना यह कि तमाम सुशिक्षित हिंदी भाषी कहीं आवेदन देते हैं तो कामचलाऊ अंग्रेजी में लिखते हैं। हम हिंदीभाषियों ने कब और कहां सुन लिया कि हिंदी में लिखने या बोलने पर असर कम होगा। हम हिचक के साथ हिंदी क्यों बोलते हैं? आत्मविश्वास की कमी को दूर करने की आवश्यकता है।

हिंदी फिल्मों और गीतों ने इस भाषा की पहचान सात समंदर पार पहुंचाई है। विदेश में हिंदी फिल्मों की पहुंच व्यापक है। इंटरनेट मीडिया ने हिंदी की विविधता को समृद्ध किया है। आज की हिंदी अंग्रेजी शब्द के प्रयोग में सेकेंड नहीं लगाती। उदारवाद और ग्लोबल अर्थजगत में हिंदी का दरवाजा खुल गया है। हमने कभी हिंदी की इस गति को नहीं सराहा। एफएम रेडियो ने हिंदी को फास्ट फूड की भाषा बना दिया है। सामान्य व्यंग्य से लेकर हद पार करने तक वाले व्यंग्य के नए-नए वाक्य और लहजे गढ़े जा रहे हैं। अंग्रेजी भी हिंदी के साथ भाग रही है, किंतु अब वह हिंदी से आगे नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व इंटरनेट के आगमन पर लगा था कि हिंदी टिक नहीं पाएगी। अंग्रेजी की अनिवार्यता और बढ़ेगी, परंतु जिस तरह से हिंदी ने वापसी की उसकी दाद देनी पड़ेगी। आज हिंदी पहले से अधिक बड़ी, समृद्ध और लोकप्रिय हो गई है। लगभग अंग्रेजीमय हो चुकी राजनीति में भी हिंदी ने वापसी की है। आज हिंदी बोलते हुए सामाजिक आर्थिक हैसियत में अंग्रेजी के बराबर है। मोबाइल की दुनिया में भी हिंदी ने कमाल की वापसी की है। तमाम महंगे फोन बिना हिंदी फोंट के नहीं बिक सकते। इंटरनेट और स्मार्टफोन तकनीक तो अंग्रेजी में आई, परंतु हिंदी ने इसे भी अपना लिया। हालांकि आज अधिकांश छात्र हिंदी की दुर्दशा से नाराज हैं। अंग्रेजी के कई स्तंभकार अब हिंदी में लिखते हैं। इसका बड़ा कारण यह है कि हिंदी पढ़ने, बोलने, लिखने, समझने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

खरी-खरी

अस्सी वाला पहनावा

निर्मल गुप्त

पहनावे की दुनिया में एक चमत्कार हुआ है। टाइम मशीन बन गई है। इससे आप दो हजार छब्बीस से सीधे उन्नीस सौ अस्सी में जा सकते हैं।

दरअसल एक दिन दादाजी की अलमारी खुली है। पिछले कई दशकों से बंद थी। उसमें से एक भूरे रंग की शर्ट निकली, जिसका कालर किसी गिद्ध के परों जैसा है। पोते ने उसे देखते ही कहा- ओह माय गाड, दादू व्हाट ए ड्रिप! दादाजी थोड़ा भन्नाए, लेकिन समझा कि कुछ नया अर्थ होगा इसका, यह सोचकर वह चुप रह गए। फिर पोते ने वही शर्ट पहनी, नीचे पापा की सन पचासी वाली बेल-बाटम, जो नीचे से इतनी चौड़ी कि उसमें एक-एक पैर में दो-दो लोग घुस जाएं। ऊपर से दादी का चश्मा, जो असल में चश्मा नहीं, मोतियाबिंद से निजात दिलवाने वाला उपकरण था। फिर इस गेटअप में एक सेल्फी खींची और उसके साथ अंग्रेजी में एक दार्शनिक वाक्य लिख मारा।

उधर एक लड़की ने अपनी मम्मी की शादी की साड़ी निकाली। आज बेटी उसी साड़ी में रील बना रही है, गाना लगा रही है। अस्सी वाला बाप फोटो खिंचवाता था तो शेर की तरह खड़ा होता था, सीना तान के। नेपथ्य में स्कूटर, क्योंकि तब स्कूटर ही लगभग बीएमडब्लू था। अब बेटा फोटो खिंचवाता है तो झुक के खड़ा होता है, उदास सा। पीछे वही स्कूटर ढूंढ के लाता है, किराये पर।

अस्सी में लोग गाना सुनते थे तो रेडियो को कान से लगाते थे, सिग्नल पकड़ने के लिए। आवाज कट-कट कर आती थी। अब लड़के के पास एयरपाड्स हैं। दुनिया की सबसे साफ आवाज। पर वह उसी कट-कट वाली आवाज वाला फिल्टर लगाता है। कहता है कि इसमें फील है। उसे कौन बताए फील नहीं है बेटा, तुम्हें सुकून का मतलब ही नहीं पता।

अस्सी में आदमी के पास कुछ नहीं था, पर उसे लगता था कल कुछ जरूर होगा। इसलिए लोग अपने वक्त से आगे देखते थे। अब छब्बीस में लोग अस्सी का बनना तो चाहते हैं, लेकिन एक पल के लिए एसी बंद किए बिना। फोन के बगैर एक दिन रह के नहीं। बिना बाहर से खाना मंगाए एक शाम भूखे रह के नहीं। अस्सी का लुक तो चाहिए, पर अस्सी वाली भूख नहीं। लोगों को दादाजी की शर्ट चाहिए, पर उनका स्ट्रगल नहीं।

X पोस्ट

रील बनाने वाले और सवाल पूछने वाले में बहुत फर्क होता है। रीलबाजी और पत्रकारिता दो अलग विधाएं हैं। राजनीतिक दल भी यह बात जितनी जल्दी समझ लें, बेहतर होगा।
मनीष पांड्येय@ManishPandeyLKW

बहुध्रुवीय हो रही विश्व व्यवस्था में ब्रिक्स देशों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होकर उभर रही है। रूस और चीन का उत्साह भी अच्छा संकेत है। वक्त की जरूरत है कि ब्रिक्स के पास अपना मजबूत ट्रेड, इन्वेस्टमेंट और पेमेंट सिस्टम हो। डालर और पश्चिमी वित्तीय तंत्र पर निर्भरता कम हो और परस्पर व्यापार के ज्यादा विकल्प तलाशे जाएं। ब्रिक्स में व्यापक बदलाव और इसका विस्तृत रूप भी भारत के लिए शुभ-संकेत है।
राजेश शुक्ला@astroraj

एक समय विश्व की बड़ी शक्तियां तय करती थीं कि भारत किसके साथ खड़ा होगा। आज तस्वीर उलट चुकी है। रूस से रिश्ते कायम रखते हुए पश्चिम से रणनीतिक साझेदारी, चीन के सामने दृढ़ता बनाए रखते हुए, ब्रिक्स का नेतृत्व करते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को मंच देकर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा, यही नए भारत की कूटनीतिक धार है।
डा. अवनींद्र राय@avanindra43

जागरण जनमत — कल का परिणाम

ब्रिक्स के दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति भारत का कूटनीतिक कद बढ़ाने वाली है?

सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या ब्रिक्स के माध्यम से भारत अपने हितों को आगे बढ़ाने में सफल रहा?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

मोदी, चिनफिंग औ पुतिन साथ खड़े दिख जायं,
तो ताऊ डोनाल्ड की धड़कन भी बढ़ जाय।
धड़कन भी बढ़ जाय रहे यदि संग यह तिकड़ी,
तो ताऊ की चाल न चल पाएगी बिगड़ी।
लेकिन पाकिस्तान चढ़ा चिनफिंग की गोदी,
कैसे उन पर ट्रस्ट करेंगे आखिर मोदी!
–ओम प्रकाश तिवारी

भारतीय वसंत कुमार
वरिष्ठ समाचार संपादक, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश डायरी

सपा की नीलिमा, बसपा का आकाश सूना

बसपा अध्यक्ष मायावती के भतीजे आकाश आनंद बीती 10 अगस्त को हाथरस के सादाबाद विधानसभा क्षेत्र से डा. अविश शर्मा को पार्टी प्रत्याशी घोषित करने के साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए बसपा के चुनावी अभियान को धार दे रहे थे। प्रौढ़ावस्था में प्रवेश करने के बावजूद राजनीतिक बहस-मुबाहिसे में युवा के तौर पर चर्चित अखिलेश यादव और राहुल गांधी को 'अंकल' संबोधित कर उन्होंने अपने राजनीतिक चातुर्य का परिचय दिया था, पर यह चतुराई बहुत जल्दी पिघल गई। ठीक एक माह बाद बसपा के राजनीतिक क्षितिज पर आकाश का आनंद सूना पड़ गया। बसपा प्रमुख ने भतीजे आकाश से पहले राष्ट्रीय समन्वयक का पद छीना और फिर पार्टी से निष्कासन की राह भी दिखा दी। संयोग से यह भी सितंबर की दस तारीख को ही घटित हुआ। आकाश का कद सिमटने से पूर्व उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक और घटनाक्रम हुआ। समाजवादी पार्टी ने अपने फ्रंटल संगठन छात्रसभा की यूनिफार्म बदल कर नीले रंग की कर दी। बदलाव को लेकर अखिलेश यादव ने तर्क दिया कि नीला रंग संविधान, आजादी और लोकतंत्र का है। यह बहुजन समाज, बाबासाहेब डा. भीमराव आंबेडकर की विचारधारा का रंग है। नई पीढ़ी का नया सोच है, इसलिए नया रंग चुना है।

सपा में अपनाए गए नए रंग ने बसपा प्रमुख मायावती के रंग में भंग कर डाला। मायावती की तीखी प्रतिक्रिया बता रही है कि दलित वर्ग में पैठ के जिस इरादे से सपा ने फ्रंटल संगठन की यूनिफार्म का रंग बदला, वह उन्हें कतई नहीं सुहाया। उन्हें कहना पड़ा- 'गले में नीला गमछा डालने, इस रंग के कपड़े पहनने और स्टेज सजाने से कोई आंबेडकरवादी नहीं बन जाएगा।' प्रदेश के मतदाताओं में दलितों की हिस्सेदारी करीब 22 प्रतिशत है। इस वोट पर एकाधिकार का दावा किसी का नहीं हो सकता, पर बसपा की मजबूत पकड़ से इन्कार भी नहीं हो सकता। सभी पार्टियों का जोर इस बात पर है कि बसपा के आधार वोटरों को कैसे अपने पाले में लाया जाए। फ्रंटल संगठन के यूनिफार्म का रंग बदला जाना भाजपा को भी अखरा और उसके प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने इसे सपा का बहुरूपिया चेहरा बताया। दलित जनबल पाने के लिए पासा फेंकने में कांग्रेस भी पीछे नहीं। बसपा से निष्कासित लोगों को पार्टी में न्योत कर कांग्रेस ने भरपूर तत्परता दिखाई। बहरहाल, मायावती ने दोनों भतीजों की विदाई के साथ ही भतीजी कुमारी दीपिका आनंद को बसपा में अवसर देने की घोषणा की है।

सपा के प्रदेश मख्यालय में छात्रसभा के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं के बीच अखिलेश यादव। सपा

सड़क पर मंत्रीद्वय : 10 सितंबर की रात से 11 सितंबर की शाम तक प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों को अपनी बात मनवाने के लिए धरना-प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ा। योगी सरकार 2.0 में यह नया ट्रेंड पनपा है। सीतापुर में व्यवस्था के खिलाफ राकेश राठौर के आंसू छलके तो गोंडा में संजय निषाद के तेवर ने जता दिया कि सरकार और उसके सहयोगी दलों के बीच समन्वय की कमी सार्वजनिक करने में अब गुरेज नहीं रहा। अखिलेश यादव ने इसी स्थिति पर तंज कसते हुए मंत्रियों को सरकार को डराने की सलाह तक दी है। मंत्री अपने आधार वोट वाले समर्थकों के बीच अपनी मुखरता को खोना नहीं चाहते। विपक्ष के लिए यह बतियाने का मौका है कि मंत्री ही पुलिस संतुष्ट नहीं हैं तो नागरिक अपनी शिकायतों के समाधान के लिए किस व्यवस्था पर भरोसा करे?

चुनाव तक खनकती रहेगी चवन्नी : बीते माह प्रदेश की राजनीति में चवन्नी की खनक खूब सुनाई दी। प्रचलन से बाहर हो चुकी चवन्नी ने इकन्नी और सोलह आने तक को राजनीतिक बहस में फिर जीवंत कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का चवन्नी वाला तंज भले ही पुराने गठबंधन का हिसाब चुकता करने की कोशिश दिखा, लेकिन इसके निशाने पर केवल रालोद प्रमुख जयन्त चौधरी नहीं थे। इसके पीछे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट मतदाताओं के बीच अपनी जमीन मजबूत करने की रणनीति भी रही। रालोद ने इसे जाट सम्मान और चौधरी चरण सिंह की विरासत से जोड़कर जवाब दिया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक संगीत सोम ने यह कहकर तंज को और धार दी कि जिन्हें अखिलेश ने चवन्नी कहा है, वह 2027 में उन्हें इकन्नी का भी नहीं छोड़ेंगे। यानी सिक्कों की इस राजनीतिक भाषा में असल मुकाबला अपनी-अपनी चुनावी ताकत जताने का है। समझा जा रहा है कि चवन्नी की खनक चुनाव तक सुनाई देती रहेगी।

मंथन

सीए नंदन जैन
राजनीतिक विश्लेषक

राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव

पिछले एक दशक से भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हालांकि इसकी राह में ऐसी अनेक बाधाएं हैं, जिन्हें दूर करके ही इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश का नेतृत्व करना अपने आप में एक असाधारण चुनौती है। अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों, सामाजिक परिस्थितियों और आर्थिक असमानताओं के बीच देश को एक साझा दिशा देना आसान नहीं होता। ऐसे में नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों के प्रधानमंत्री कार्यकाल को केवल सामान्य राजनीतिक प्रक्रिया के रूप में देखना इस दौर की पूरी तस्वीर नहीं होगी। यह कालखंड उनके लंबे राजनीतिक संघर्ष, संगठन से निकली नेतृत्व क्षमता, सत्ता में आने के बाद विकास को राजनीति के केंद्र में लाने, बड़े सुधारों को गति देने, राष्ट्रवाद को शासन के विमर्श से जोड़ने और अंततः भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के एक दीर्घकालिक विजन की यात्रा के रूप में देखा जा सकता है।

वर्ष 2014 के बाद मोदी सरकार ने विकास को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में स्थापित करने की कोशिश की। सड़क, रेल, बिजली, बैंकिंग, डिजिटल कनेक्टिविटी, शहरी और ग्रामीण आधारभूत ढांचे तथा गरीबों के लिए प्रत्यक्ष लाभ जैसी नीतियों ने शासन को योजनाओं की घोषणा से आगे ले जाकर उनके क्रियान्वयन और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। यही वह दौर था जब 'सरकार' और 'गवर्नेंस' के बीच अंतर को राजनीतिक रूप से रेखांकित किया गया। मोदी के नेतृत्व की दूसरी बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने कई बार कठिन और राजनीतिक रूप से जोखिम भरे फैसलों को भी आगे बढ़ाने का प्रयास किया। वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और सरकारी प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण जैसे कदमों ने भारतीय अर्थव्यवस्था और प्रशासन की संरचना को बदलने की दिशा में काम किया। वर्ष 2020 के बाद आत्मनिर्भर भारत, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, विनिर्माण और बुनियादी ढांचे में निवेश जैसे प्रयासों ने भारत को केवल उपभोक्ता बाजार के बजाय वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

राजनीति से शासन तक : नरेन्द्र मोदी की राजनीति को राष्ट्रवाद से अलग करके समझना कठिन है। उनके लिए राष्ट्रवाद केवल चुनावी भाषणों का विषय नहीं, बल्कि शासन और राष्ट्रीय पहचान का भी महत्वपूर्ण आधार रहा है। मोदी सरकार के 12 वर्षों का शायद सबसे बड़ा राजनीतिक प्रभाव केवल योजनाओं या परियोजनाओं में नहीं, बल्कि उस मनोवैज्ञानिक बदलाव में दिखाई देता है जिसे उन्होंने भारतीय समाज के एक बड़े हिस्से में पैदा करने का प्रयास किया। लंबे समय तक भारत में विकास की चर्चा अक्सर गरीबी, पिछड़ेपन व सीमित संसाधनों के संदर्भ में होती रही। मोदी ने इस विमर्श को बदल 'विकसित भारत' की आकांक्षा को राष्ट्रीय लक्ष्य के रूप में सामने रखा।

'विकसित भारत 2047' केवल सरकारी कार्यक्रम का नाम नहीं है, इसे एक ऐसी राजनीतिक कल्पना के रूप में देखा जा सकता है जिसमें भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित करता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस लक्ष्य को केवल नीति-निर्माताओं तक सीमित रखने के बजाय आम नागरिक की आकांक्षा से जोड़ने का प्रयास किया गया। यहीं मोदी का नेतृत्व एक प्रशासक से आगे बढ़कर एक विजनरी राजनीतिक नेतृत्व का रूप लेता दिखाई देता है। विजनरी नेता केवल आज की समस्याओं का समाधान नहीं करता, वह समाज को कल की कल्पना करने की क्षमता भी देता है।



विकास पथ पर अग्रसर देश को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसका लाभ सभी तक पहुंचे। फाइल

आलोचनाएं लोकतंत्र का अनिवार्य हिस्सा हैं और मोदी सरकार के निर्णयों पर भी राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक स्तर पर व्यापक बहस होती रही है। लेकिन इन बहसों के बीच एक तथ्य से इन्कार करना कठिन है कि मोदी ने भारतीय राजनीति के विमर्श को बदल दिया है। आज मोदी के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती केवल अगले चुनाव की नहीं, बल्कि उस विश्वास को वास्तविकता में बदलने की है जो उन्होंने देश के सामने रखा है 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का विश्वास। आज सरकार के समक्ष रोजगार और गुणवत्तापूर्ण रोजगार का सृजन करने समेत विकास दर को बनाए रखने के साथ यह सुनिश्चित करने की चुनौती है कि उसका लाभ निम्न और मध्यम आय वर्ग तक अधिक व्यापक रूप से पहुंचे। कृषि में उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय को स्थिर करने, सिंचाई, भंडारण और प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने की जरूरत बनी हुई है। यदि आने वाले वर्षों में भारत आर्थिक शक्ति, तकनीकी क्षमता, सामाजिक अवसर और वैश्विक प्रभाव के स्तर पर इस लक्ष्य की ओर निर्णायक कदम बढ़ाता है, तो मोदी का राजनीतिक जीवन केवल एक प्रधानमंत्री के लंबे कार्यकाल के रूप में नहीं, बल्कि भारत की आकांक्षाओं के बदलते दौर के रूप में भी दर्ज किया जाएगा।

जियो क्रेडिट को बोफा से पूंजी मिलने की मंजूरी जल्द

मुंबई: गैर-बैंकिंग ऋणदाता जियो क्रेडिट को बैंक आफ अमेरिका (बोफा) से मिलने वाली 18,268 करोड़ रुपये की पूंजी के लिए जरूरी नियामकीय मंजूरियां इस साल दिसंबर तक मिलने की उम्मीद है। मूल कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएस) एमडी और सीईओ हितेश सेठिया ने बताया कि पूंजी मिलने के बाद जियो क्रेडिट का एयूएम मौजूदा 30,000 करोड़ रुपये से लगभग पांच गुना हो सकता है। (प्रेट्र)

पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर सामने की ओर लेबल लगाने का सिद्धांत विवाद का विषय नहीं है, बल्कि प्रस्तावित लेबल का प्रारूप और उसे लागू करने का तरीका महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस संबंध में उद्योग ने एफएसएसएआइ को कई सुझाव दिए हैं।
– संजय शर्मा, सीईओ, ओर्कला इंडिया

जीवन बीमा, म्यूचुअल फंड कारोबार में कदम रखेगा इंडियन बैंक

चेन्नई, प्रेट्र: सार्वजनिक क्षेत्र का इंडियन बैंक जीवन बीमा और म्यूचुअल फंड कारोबार में कदम रखने पर विचार कर रहा है। बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ बिनोद कुमार का कहना है कि इससे संबंधित योजनाएं प्रगति पर हैं और जल्द ही बोर्ड से मंजूरी के लिए संपर्क किया जाएगा।

एक साक्षात्कार में कुमार ने कहा कि बैंक प्रस्तावित सहायक कंपनियों या संयुक्त उद्यमों के लिए बोर्ड से मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। इसके बाद अन्य संबंधित नियामक और प्रशासनिक प्रक्रियाएं शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में एक साल या इससे अधिक समय लग सकता है। बैंक की पहले ही सामान्य बीमा क्षेत्र में यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी में 28.52 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

नाबालिग बच्चों की आय पर टैक्स, जानिए क्या हैं नियम

इन दिनों इंटरनेट मीडिया से लेकर खेल, विज्ञापन और लेखन क्षेत्र में बच्चों के लिए कमाई के तमाम अवसर हैं और इस समय बड़ी संख्या में नाबालिग इन स्रोतों से लाखों-करोड़ों रुपये कमाई भी कर रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या इन बच्चों की कमाई पर भी आयकर लगेगा? आयकर कानून की धारा 64(1ए) में बच्चों की आय पर लगने वाले टैक्स की जानकारी दी गई है। 18 वर्ष से कम उम्र की बच्चों की आय के प्रकार, छूट और टैक्स को लेकर पढ़िए **मनोज कुमार** की रिपोर्ट...

दिव्यांग-अनाथ बच्चे की आय पर नियम

आयकर कानून की धारा 80यू के तहत, अगर कोई नाबालिग बच्चा दिव्यांग है (40 प्रतिशत से अधिक शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग) है तो उस पर धारा 64(1ए) के नियम लागू नहीं होंगे। यानी उसकी कमाई माता-पिता की आय में नहीं जोड़ी जाएगी। इसी प्रकार, यदि किसी बच्चे के माता-पिता दोनों इस दुनिया में नहीं हैं, तो बच्चे की कमाई को उसके कानूनी अभिभावक की इनकम में नहीं जोड़ा जाता। ऐसे में बच्चे का अलग से आयकर रिटर्न (आइटीआर) दाखिल करना होगा।

ऐसे समझें पूरा गणित

आयकर विभाग ने अपनी वेबसाइट पर एफएक्यू (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) के तहत नाबालिग बच्चे की आय को उसके माता-पिता की आय के साथ जोड़ने का उदाहरण दिया है। मान लीजिए- राजा नाम के एक व्यक्ति के दो बच्चे हैं। एक बच्चा सुनील बाल कलाकार है और दूसरा बच्चा नेपाल धारा 80यू में बताई गई बीमारियों से पीड़ित है। सुनील एक वर्ष में स्टेज शो से एक लाख रुपये और बैंक ब्याज से छह हजार रुपये कमाता है। इसी तरह, नेपाल बैंक ब्याज से एक वर्ष में 1.20 लाख रुपये कमाता है। राजा की पत्नी की कोई आय नहीं है। चूंकि नाबालिग बच्चे की आय उसके (माता या पिता) साथ जोड़ी जाती है, जिसकी आय ज्यादा होती है। ऐसे में अगर कोई आय जोड़ी जानी है तो राजा की आय के साथ जोड़ी जाएगी। धारा 64(1ए) के तहत शारीरिक मेहनत या अपनी स्किल, जानकारी, टैलेंट, अनुभव आदि से हुई आय को माता-पिता की आय के साथ नहीं जोड़ा जाएगा। इसलिए सुनील की स्टेज शो से हुई आय को राजा की आय के साथ नहीं जोड़ा जाएगा। लेकिन सुनील को बैंक ब्याज से हुई छह हजार रुपये की आय को राजा की आय के साथ जोड़ा जाएगा। धारा 80यू के तहत नेपाल की आय को राजा की आय के साथ नहीं जोड़ा जाएगा। ऐसी स्थिति में राजा आयकर रिटर्न में धारा 10(32) के तहत सुनील की ब्याज से हुई आय छह हजार रुपये पर 1,500 रुपये की छूट का दावा कर सकता है और जोड़ी गई शुद्ध आय (6,000-1,500) 4,500 रुपये होगी। इस पर राजा को अपने कर स्लैब के अनुसार टैक्स देना होगा।

माता-पिता के साथ जोड़ी जाती है बच्चे की आय

आयकर कानून की धारा 64(1ए) के अनुसार, नाबालिग बच्चे की आय को उसके माता-पिता की आय के साथ जोड़ा जाता है। अगर नाबालिग बच्चा शारीरिक मेहनत या अपनी स्किल, जानकारी, टैलेंट, अनुभव आदि के जरिये कोई पैसा कमाता है तो उसे माता-पिता की आय के साथ नहीं जोड़ा जाएगा। वहीं, ब्याज इत्यादि से होने वाली कमाई को माता-पिता की आय से जोड़ा जाएगा। यदि माता-पिता अलग हो जाते हैं तो नाबालिग की आय को उसके (माता या पिता) साथ जोड़ा जाएगा, जो उसकी देखभाल करता है। यदि माता-पिता दोनों कामकाजी है तो बच्चे की आय उसके साथ जोड़ी जाएगा, जिसकी कमाई ज्यादा है।

कितनी कमाई पर टैक्स नहीं

आयकर कानून के तहत यदि किसी बच्चे की वार्षिक आय 1,500 रुपये या उससे कम है तो वह पूरी तरह से करमुक्त है। यदि किसी नाबालिग बच्चे की आय को उसके माता-पिता के साथ जोड़ा गया है तो वह व्यक्ति धारा 10(32) के तहत 1,500 रुपये या जोड़ी गई नाबालिग की आय (जो भी कम हो) की छूट का दावा कर सकता है। नाबालिग की आय जोड़ने के बाद व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत कर स्लैब के अनुसार टैक्स देना होगा।

जागरण इन्फो

सेमीकंडक्टर क्षेत्र ने अब तक 1.4 अरब डालर जुटाए

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र ने अब तक कुल 1.4 अरब डालर का निवेश जुटाया है। वैश्विक मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफार्म ट्रैक्सन के डाटा के अनुसार, इसमें से लगभग आधी राशि 70.1 करोड़ डालर केवल 2025 के बाद जुटाए गए हैं।

17-19 सितंबर के दौरान दिल्ली के यशोभूमि में होने वाली सेमिकान इंडिया 2026 सम्मेलन से पहले यह जानकारी सामने आई है। सम्मेलन में वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग के दिग्गज, सरकारी अधिकारी और इस क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे। ट्रैक्सन के अनुसार, अभी भारत में इस क्षेत्र में 3,557 कंपनियां काम कर रही है और इसमें से 142 ने इक्विटी फंडिंग जुटाई है। वर्ष 2026 में अब तक इस क्षेत्र की कंपनियों ने 22.8 करोड़ डालर की फंडिंग जुटाई है।

वैश्विक अनिश्चितता से फिर विक्रेता बने एफपीआइ

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सितंबर में अब तक शेयरों से 13,138 करोड़ रुपये निकाले

- अमेरिकी बांड रिटर्न में उछाल और डालर के मजबूत होने से भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे निवेशक
- जुलाई और अगस्त में एफपीआइ ने क्रमश: 20,200 और 29,630 करोड़ रुपये का किया था निवेश

नई दिल्ली, प्रेट्र: वैश्विक अनिश्चितता के बीच सितंबर के पहले पखवाड़े (11 सितंबर तक) में विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से 13,138 करोड़ रुपये निकाले। जानकारों का मानना है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिकी बांड रिटर्न में उछाल और डालर के मजबूत होने से निवेशकों ने जोखिम लेना उचित नहीं समझा।

सेंट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के मुताबिक, जुलाई और अगस्त में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) ने क्रमशः 20,200 करोड़ और 29,630 करोड़ रुपये का निवेश किया था और वे शुद्ध खरीदार बन गए थे। उससे पहले, मार्च से जून तक लगातार चार महीनों तक एफपीआइ शुद्ध विक्रेता बने रहे थे।

आंकड़ों से पता चलता है कि इस निकासी के साथ 2026 में अब तक एफपीआइ भारतीय इक्विटी से कुल 2.37 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं और पूरे 2025 में निकाली गई 1.66 लाख करोड़ की रकम से ज्यादा है।

2.37 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं अब तक 2026 में विदेशी निवेशक

इन्वेस्टमेंट प्लेटफार्म ट्रैक के सह संस्थापक और सीईओ वेदांत गुप्ते ने कहा कि सितंबर में बिकवाली घरेलू चिंताओं के बजाय वैश्विक वजहों से ज्यादा हुई। उन्होंने कहा कि सितंबर की बिकवाली डालर और कच्चे तेल की कहानी है न कि भारत की कहानी। जब अमेरिकी बांड रिटर्न ज्यादा होता है और तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो हर उभरते बाजार से पैसा बाहर निकलता है।' भू-राजनीतिक अनिश्चतता के बीच शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड की कीमत बढ़कर 109.97 डालर प्रति बैरल हो गई और यह 102 डालर प्रति बैरल (जुलाई के उच्चतम स्तर) से ऊपर बनी रही।

डेट मार्केट में भी बिकवाली की

पहले पखवाड़े में विदेशी निवेशकों ने डेट मार्केट में भी बिकवाली की। उन्होंने फुली एक्सेसिबल रूट (एफएआर) के जरिये 1,350 करोड़ रुपये और सामान्य रूट के जरिये 955 करोड़ रुपये निकाले, जबकि 'वालेंटरी रिटेंशन रूट (वीआरआर) के जरिये 29 करोड़ रुपये का निवेश किया।

ज्यादा महंगाई का मतलब सख्त मौद्रिक नीति

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ज्यादा महंगाई का मतलब है कि सख्त मौद्रिक नीति। इसका स्पष्ट मतलब है कि बांड रिटर्न में और बढ़ोतरी होगी। अगर अमेरिका के 10 साल के बांड पर रिटर्न बढ़कर पांच प्रतिशत तक पहुंच जाता है तो दुनियाभर के शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आ सकती है। ऐसी हालत में एफपीआइ बिकवाली कर सकते हैं और अपना पैसा ज्यादा रिटर्न देने वाले बांड में लगा सकते हैं।

अगस्त महीने में रूस ने भारत से 1.72 लाख टन तेल उत्पाद खरीदे

- इसमें भारत की एक रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल से बनाया गया पेट्रोल भी था शामिल
- यूक्रेन हमलों से घरेलू रिफाइनिंग क्षमता बाधित होने के चलते रूस को करना पड़ा यह आयात

नई दिल्ली, प्रेट्र: सेंटर फर रिसर्च आन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त में रूस ने रिकार्ड 1,72,000 टन तेल उत्पाद आयात किए। इसमें भारत की एक रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल से रिफाइन की गई गैसोलीन भी शामिल थी। इस रिफाइनरी में आंशिक हिस्सेदारी रूस की कंपनी रोसनेफ्ट की है। यूक्रेन के ड्रोन हमलों ने मास्को की घरेलू रिफाइनिंग क्षमता को बाधित कर दिया है, जिसके चलते यह आयात करना पड़ा है।

सीआरईए ने रूसी जीवाश्यम ईंधन निर्यात के अपने मासिक विश्लेषण में बताया कि अगस्त में रूस के तेल उत्पाद आयात का 70 प्रतिशत हिस्सा भारत से आया। इसमें 7.8 करोड़ यूरो मूल्य की 1,20,000 टन गैसोलीन भी शामिल थी। रूसी ईंधन आयात की यह मात्रा पिछले मासिक रिकार्ड से सात गुना से अधिक और पूरे 2025 में आयात किए गए कुल ईंधन से तीन गुना अधिक थी।

सीआरईए ने कहा कि भारत से आई सारी गैसोलीन वाडिनार रिफाइनरी में लोड की गई थी और इसे यूरोपीय प्रतिबंध झेल रही नायरा एनर्जी ने रोसनेफ्ट को बेचा था। रोसनेफ्ट की नयारा एनर्जी में 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 के पहले आठ महीनों के दौरान वाडिनार ने अपना सारा कच्चा तेल रूस से प्राप्त किया, जबकि 2025 में यह आंकड़ा 81 प्रतिशत था। सीआरईए ने कहा, 'इसलिए रूस एक ऐसी रिफाइनरी को भुगतान कर रहा है जिसमें उसकी आंशिक हिस्सेदारी है, ताकि वह अपने ही कच्चे तेल को ऐसे ईंधन में बदल सके जिसे वह अब घरेलू स्तर पर नहीं बना सकता, और फिर उसे दुनिया के दूसरे छोर से वापस मंगा सके।'' रिपोर्ट में कहा गया है कि वाडिनार से रूस को निर्यात की गई गैसोलीन की हर खेप को मिस्र के पास 'शिप-टू-शिप' आपरेशन के तहत एक जहाज से दूसरे जहाज में स्थानांतरित किया गया और फिर रूस के आर्कटिक बंदरगाह 'बेलो मोरे' पर उतारा गया।

सिर्फ रजिस्ट्रेशन से नहीं चलेंगे बड़े स्लाटर हाउस, एफएसएसएआइ का लाइसेंस जरूरी

विधि संवाददाता, जागरण • प्रयागराज

- कानपुर के कारोबारी ने जिलाधिकारी के आदेश को दी थी चुनौती
- इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा- कमियां दूर कर लाइसेंस के लिए आवेदन लें

इलाहाबाद हाई कोर्ट का आदेश।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने साफ कहा है कि बड़े स्लाटर हाउस को चलाने के लिए सिर्फ रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट काफी नहीं है, उसके लिए फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथारिटी आफ इंडिया (एफएसएसएआइ) का नियमित लाइसेंस लेना जरूरी है। न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की बेंच ने कानपुर के जुनैद आलम की याचिका खारिज करते हुए यह आदेश दिया है। जुनैद ने कानपुर के जिलाधिकारी के 22 मई 2025 के आदेश को चुनौती दी थी। जिलाधिकारी ने दो यूनिट वाला स्लाटर हाउस फिर से खोलने का याची का आवेदन खारिज कर दिया था।

याची का कहना था कि उसके पास फूड सेफ्टी का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट है जो 2028 तक वैध है। साथ ही जीएसटी उद्यम रजिस्ट्रेशन और नगर निगम का अनापत्ति प्रमाण-पत्र भी है। उसे बिना सुनवाई और बिना आधुनिकीकरण का समय दिए बंद कर दिया गया। सरकार की तरफ से कहा गया कि 16 मई, 2025 को याची को सुनवाई दी गई थी। उसके पास लाइसेंस नहीं, सिर्फ रजिस्ट्रेशन है। याची ने खुद स्टेट लाइसेंस के लिए आवेदन किया था, जिसमें 20 बड़े जानवर काटने की क्षमता दिखाई थी। वह आवेदन कमियां होने के कारण 27 अप्रैल 2025 को वापस कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि कानून के अनुसार दो बड़े जानवर, 10 छोटे जानवर या 50 मुर्गा प्रतिदिन तक काटने पर ही रजिस्ट्रेशन चलता है। 20 बड़े जानवरों की क्षमता वाला स्लाटर हाउस छोटे कारोबार में नहीं आएगा। उसे लाइसेंस लेना ही होगा। व्यापार का अधिकार होने का मतलब यह नहीं कि बिना लाइसेंस के स्लाटर हाउस चलाया जाए। सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि बिना लाइसेंस व नियमों का पालन किए स्लाटर हाउस नहीं चल सकते।

मणिपुर के दो जिलों में उग्रवादियों की गोलीबारी में चार मरे

इंफाल, प्रेट्र: मणिपुर के तामेंगलोंग और नोनी जिलों में उग्रवादियों के हमले में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि तामेंगलोंग में तड़के करीब चार बजे गोलीबारी की गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। इसके 12 घंटे बाद गोलीबारी की दूसरी घटना में भी दो लोगों की जान चली गई। मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने इन हत्याओं पर दुख जताते हुए कहा कि निर्दोष नागरिकों के खिलाफ हिंसा कायरतापूर्ण कृत्य है। यह अस्वीकार्य है।

ये हत्याएं 'ब्लैक डे' को हुईं। राज्य में पिछली सदी के आखिरी दशक में कुकी-नागा संघर्ष के पीड़ितों की याद मणिपुर में कुकी समुदाय हर साल 13 सितंबर को 'ब्लैक डे' मनाया जाता है।

उग्रवादियों ने तड़के करीब चार बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के पास तामेंगलोंग जिले के टालेन कुकी गांव पर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी में महिला की उनके घर में मौत हो गई।

5600 करोड़ रुपये की ठगी में बैंक कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध

जागरण संवाददाता, कानपुर

- बैंक कर्मचारियों ने फर्जी दस्तावेजों से दिलाया था दो करोड़ रुपये लोन
- दबाव बनाकर हासिल किए जाते थे स्क्रैप और स्लाटर फर्मों के बैंक खाते

18 राज्यों के लोगों से 5600 करोड़ रुपये की साइबर ठगी में जिस तरह से बोगस फर्मों के नाम और उनके बैंक खातों का पता चला है, उससे इसमें कुछ बैंककर्मियों के शामिल होने की आशंका बढ़ गई है। एक बड़े सरकारी बैंक के कर्मचारी का नाम सामने आया है, जिसने गिरोह के सदस्य आरिफ को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दो करोड़ रुपये लोन दिलाया था। इसके बदले 20 लाख रुपये रिश्वत ली थी। गिरोह के 14 बैंकों के 77 बैंक खाते पता चले हैं, जिन्हें सीज कराने की प्रक्रिया चल रही है। इससे पहले साइबर ठगी के दो बड़े मामलों में बैंकों के कर्मियों के नाम सामने आ चुके हैं।

पुलिस ने 19 अगस्त को मोहम्मद शादाब की शिकायत पर ठगी का मुकदमा दर्ज किया था। शादाब का आरोप था कि शाहजेब वारिस, सलमान और आरिफ ने उनसे 25 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने करीब दस हजार बैंक खाते खंगाले, इनमें 77 बैंक खाते संदिग्ध मिले। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल के मुताबिक इन खातों में करीब 5600 करोड़ रुपया जमा किया गया था। कुछ खातों से नकदी निकालकर हवाला के जरिये इधर-उधर की गई। तीन खातों में 200 करोड़ से ज्यादा, छह खातों में 100 करोड़ से ज्यादा, आठ खातों में 50 से 100 करोड़ और 41 खातों में एक से 50 करोड़ की रकम का जमा की गई।

ठगी का सरगना शाहजेब और उसका साथी सलमान। जागरण आर्काइव

धनबाद में कोयला चुनने के दौरान भू-धंसान, तीन की मौत

जागरण संवाददाता, धनबाद: झारखंड के धनबाद जिले के कतरास में स्थित एक बंद कोयला परियोजना में रविवार सुबह कोयला चुनने के दौरान अचानक मिट्टी धंस जाने से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना रामकनाली ओपी क्षेत्र में केशलपुर कुम्हार बस्ती के पास स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अमलगमेटेड केशलपुर-वेस्ट मुदीडीह कोलियरी की कांटापहाड़ी बंद परियोजना की है।

वहीं, पड़ोसी राज्य बिहार के अररिया जिले में फुलकाहा थाना क्षेत्र में रविवार कदोपहर अवैध खनन ने दो बच्चों की जान ले ली। पूर्वी कोसी मुख्य नहर के बांध पर अवैध रूप से मिट्टी काटे जाने के कारण धंस गया। हादसे में नहर के आसपास खेल रहे चार बच्चे मलबे में दब गए। काफी मशक्कत के बाद बच्चे बाहर निकाले गए, लेकिन तब तक दो की मौत हो चुकी थी।

पत्नी की मुस्कान छिन गई तो 88 साल के शिक्षक ने उसे मूर्ति में किया जीवंत

राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता

- बीमारी के कारण बिस्तर पर हैं पत्नी, गालों के डिंपल को मूर्ति में उतारा

शिक्षक भूपतिरंजन देवनाथ व उनकी पत्नी की मुस्कुराती प्रतिमा। स्रोत इंटरनेट मीडिया

उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम इलाके के 88 वर्षीय शिक्षक भूपतिरंजन देवनाथ ने अपनी बीमार पत्नी अंजलि की वह मुस्कान मिट्टी की मूर्ति में हमेशा के लिए सहेज दी है, जो अब उसके चेहरे पर दिखाई नहीं देती। करीब 60 वर्ष के दांपत्य जीवन में अंजलि के मुस्कुराने पर उनके होंठों के दोनों ओर छोटे-छोटे गड्ढे (डिंपल) पड़ते थे। बीमारी ने पत्नी को लंबे समय से बिस्तर पर ला दिया, लेकिन भूपतिरंजन के मन में उनकी वही मुस्कुराती छवि आज भी जीवंत है। इसी याद को कायम रखने के लिए उन्होंने पत्नी की मुस्कुराती प्रतिमा बनाई है।

मध्यमग्राम हाई स्कूल में लंबे समय तक शिक्षक रहे भूपतिरंजन चार दशक से अधिक समय से कला साधना भी कर रहे हैं। मिट्टी, नारियल, पेड़ की टहनियों और घरेलू वस्तुओं से उन्होंने अनेक कलाकृतियां और प्रतिमाएं बनाई हैं। भूपतिरंजन कहते हैं कि बिस्तर पर पड़ी पत्नी को देखना उनके लिए बेहद पीड़ादायक है। उसकी मुस्कान बीमारी ने छीन ली है इसलिए उन्होंने उसके मुस्कुराते चेहरे को मूर्ति में जीवित करने की कोशिश की। दोनों के वैवाहिक जीवन में सुख-दुख के कई पड़ाव आए। कोरोना काल में बेटे को खो दिया। बहू और पोते-पोतियां उनके साथ रहते हैं। तमाम तकलीफों के बावजूद भूपतिरंजन व अंजलि का 60 साल का प्यार आज भी जीवंत है।

रेल मदद पोर्टल में खत्म होगा ओटीपी का झंझट

जागरण संवाददाता, प्रयागराज

- आटोमेटेड काल, आटो-क्लोजर, फिजिकल वेरिफिकेशन के विकल्प देने की तैयारी
- ट्रेन में तैनात स्टाफ की जियो टैगिंग हाजिरी, पोर्टल पर दिखेगा सभी का मोबाइल नंबर

प्रतीकात्मक

रेलवे बोर्ड ने 'रेल मदद' पोर्टल में व्यापक तकनीकी बदलाव करने का निर्णय लिया है। इसमें आम यात्रियों को ओटीपी देने जैसे अनावश्यक तकनीकी झंझटों से मुक्ति मिलेगी। साथ ही, लापरवाही बरतने वाले रेल कर्मियों और स्टेशनों की सीधी जवाबदेही भी तय होगी। अभी तक की व्यवस्था में मोबाइल पर आए ओटीपी या लिंक के जरिये समाधान का सत्यापन नहीं करने तक रेल मदद पोर्टल पर शिकायत बंद नहीं मानी जाती।

साइबर फ्राड के कारण अधिकांश यात्री अनजान रेल कर्मचारियों के साथ ओटीपी साझा करने से हिचकते थे, जिससे काम पूरा होने के बाद भी शिकायतें हफ्तों तक पेंडिंग दिखाई देती थीं। इस समस्या को खत्म करने के लिए रेलवे अब तीन वैकल्पिक तकनीकी रास्ते अपना रहा है। पहले विकल्प के रूप में आइवीआरएस आटोमेटेड काल प्रणाली लाई जा रही है, जिसमें यात्री के पास कंप्यूटर जनरेटेड काल आएगी और वह बिना किसी को पासवर्ड बताए सिर्फ फोन पर एक या दो दबाकर समाधान की पुष्टि कर सकेगा। दूसरा विकल्प आटो-क्लोजर का होगा, जिसके तहत मौके पर तैनात स्टाफ द्वारा काम पूरा दर्ज करने के बाद यदि यात्री तय समय सीमा के भीतर दोबारा आपत्ति नहीं करता तो केस स्वतः बंद हो जाएगा। तीसरे विकल्प के तौर पर टीटीई, ट्रेन कैप्टन या स्टेशन मास्टर भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) करके अपने आधिकारिक एप से शिकायत के निस्तारण को प्रमाणित कर सकेंगे। साथ ही, अब एक ही पीएनआर नंबर या एक ही मोबाइल डिवाइस से कुछ ही मिनटों में बार-बार एक जैसी शिकायतें दर्ज करने पर तकनीकी रोक लगेगी। पहले ऐसी दोहराई गई शिकायतों से कंट्रोल रूम का सर्वर जाम हो जाता था और जरूरतमंद यात्रियों की वास्तविक शिकायतें दब जाती थीं।

रेलवे बोर्ड के कार्यपालक निदेशक पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन बिनय कुमार झा ने बताया कि अब बोगी में चादर-कंबल बांटने वाले लिनेन अटेंडेंट और कोच मित्र के मोबाइल नंबर भी पोर्टल पर सीधे दिखेंगे, स्टाफ की जियो-टैग्ड हाजिरी अनिवार्य होगी। सुझावों के लिए पोर्टल में अलग कालम बनाया गया है और वंदे भारत में खाने से जुड़ी शिकायतें अब सीधे आइआरसीटीसी को भेजी जाएंगी।

बीमा कंपनी को चुकाने होंगे 8.06 करोड़ रुपये, ब्याज भी देना होगा

- आग से हुए नुकसान के दावे के विवाद में उपभोक्ता आयोग का फैसला
- कहा- कंपनी के जायज दावे को मशीनी तरीके से खारिज किया गया

मुंबई, प्रेट्र: दक्षिणी मुंबई के जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने बीमा दावे को गलत तरीके से खारिज करने के मामले में न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी को 8.06 करोड़ रुपये भुगतान करने का आदेश दिया है।

उपभोक्ता आयोग ने दो सितंबर को दिए आदेश में कहा कि विक्टोरिनाक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के जायज दावे को सिर्फ तकनीकी आधार पर और मशीनी तरीके से खारिज कर दिया गया। विक्टोरिनाक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी से 'स्टैंडर्ड फायर एंड स्पेशल पेरिल्स पालिसी' ली थी। स्विट्जरलैंड की कंपनी विक्टोरिनाक्स एजी की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी विक्टोरिनाक्स इंडिया के कस्टम बांडेड गोदाम में फरवरी 2019 में आग लग गई थी, जिसमें काफी सामान जलकर खाक हो गया था। कस्टम बांडेड वेयरहाउस सरकार द्वारा अधिकृत भंडारण केंद्र होता है जहां आयातित सामान रखे जाते हैं।

बीमा कंपनी द्वारा नियुक्त सर्वेयर ने 8,06,49,573 रुपये के नुकसान का आकलन किया था, लेकिन बीमा कंपनी ने जनवरी 2021 में क्लेम को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कुछ खास इंटरनल एग्रीमेंट और इनवाइस जमा न करके क्लाज छह का उल्लंघन किया गया था। आयोग ने कहा कि आग लगने से हुए नुकसान का आकलन होने और किसी भी पक्ष द्वारा उस पर आपत्ति नहीं जताने के बावजूद पालिसी की धारा छह का हवाला देकर क्लेम को खारिज करना अनुचित था। न्यू इंडिया एश्योरेंस को आदेश दिया गया है कि वह शिकायत दर्ज होने की तारीख से नौ प्रतिशत ब्याज का भुगतान करे।

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 14 सितंबर, 2026

कल्पमेधा

शिक्षा क्रोध में आए बिना या अपने आत्मविश्वास को खोए बिना लगभग कुछ भी सुनने की क्षमता है, जिससे कुछ सीखा जा सके।

– राबर्ट फ्रोस्ट

भविष्य की राह

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन- 2026 में 'नई दिल्ली घोषणापत्र' को अपनाया जाना इस समूह की बदलती भूमिका का महत्त्वपूर्ण संकेत है। भारत की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन की पृष्ठभूमि में पश्चिम एशिया का संघर्ष, रूस-यूक्रेन युद्ध, व्यापारिक तनाव, शुल्क नीति और वैश्विक संस्थाओं में सुधार की मांग जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। घोषणापत्र का सबसे अहम पहलू बहुपक्षीय और अधिक न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था तथा वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर देना है। इसे भारत के प्रयासों को सामूहिक रूप से आगे बढ़ाने की नजर से देखा जा रहा है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में विकासशील देशों की भागीदारी एवं प्रतिनिधित्व बढ़ाने की मांग लंबे समय से भारत की प्राथमिकता रही है। इसका मतलब है कि विश्व स्तर के निर्णय केवल कुछ शक्तिशाली देशों तक सीमित न रहें, बल्कि वैश्विक दक्षिण की आवाज भी प्रभावी ढंग से सुनी जाए। ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों की संयुक्त घोषणापत्र पर सहमति बनाने में सफलता को भी भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है।

घोषणापत्र में आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट रुख भी भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है। इसमें आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करते हुए उसके वित्तपोषण, सीमा पार से घुसपैठ और आतंकियों को सुरक्षित पनाह देने की समस्या से निपटने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है। घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई है। भारत के लिए यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि वह लंबे समय से आतंकवाद को वैश्विक चुनौती के रूप में उठाता रहा है। हालांकि घोषणापत्र की वास्तविक सफलता इससे तय होगी कि सदस्य देश आतंकवाद के खिलाफ साझा नीति को व्यवहार में कितना उतारते हैं। ब्रिक्स देशों ने अमेरिका की एकतरफा शुल्क नीति पर भी गहरी चिंता जताई और गैर-शुल्क व्यापारिक उपायों की वकालत की। स्थानीय मुद्रा में व्यापार, सीमा-पार भुगतान और वित्तीय सहयोग को बढ़ावा देना भी इसी का हिस्सा है। वर्तमान वैश्विक व्यापार में बढ़ते संरक्षणवाद के बीच यह संदेश महत्त्वपूर्ण है।

तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल ढांचे और सतत विकास भी भारत के एजंडे में प्रमुखता से शामिल हैं। इसके मद्देनजर भारत ने लचीलेपन, नवाचार, सहयोग एवं स्थिरता पर जोर दिया है और इसे ब्रिक्स देशों के घोषणापत्र में भी जगह दी गई है। स्पष्ट है कि ब्रिक्स अब स्वास्थ्य, डिजिटल तकनीक, ऊर्जा, पर्यावरण और मानव विकास जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। पश्चिम एशिया के संघर्ष पर घोषणापत्र में संयम, संवाद और कूटनीति का आह्वान एकजुटता को दर्शाता है। ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे अलग-अलग हितों वाले देशों की मौजूदगी के बावजूद साझा दृष्टिकोण पर सहमति बनना दुनिया के लिए एक सार्थक संदेश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को शिखर सम्मेलन में भारत की प्राथमिकता को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया। उनका यह आह्वान कि वैश्विक दक्षिण को 'नियमों का पालन करने वाले' के बजाय 'नियम तय करने वाला' बनना होगा, दरअसल पश्चिम के उन देशों के लिए संदेश है, जिनकी वैश्विक निर्णयों में भागीदारी ज्यादा रहती है। बहरहाल, यदि ब्रिक्स साझा घोषणापत्र को व्यावहारिक रूप देता है, तो आने वाले वर्षों में वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में उसकी भूमिका कहीं अधिक प्रभावशाली हो सकती है।

दाग पर पर्दा

देश की राजनीति को आपराधिक छवि के नेताओं से मुक्त कराने के लिए दावे करने में कोई कमी नहीं होती है। राजनीति के अपराधीकरण या संसद और विधानसभाओं में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों के बढ़ते दखल पर चिंता जाहिर करने के मामले में देश की सभी पार्टियां आगे रहती हैं। मगर जब गंभीर अपराधों के आरोप या मुकदमे झेल रहे लोगों को उम्मीदवार न बनाने का सवाल आता है, तब शायद ही किसी पार्टी को इस तकाजे का खयाल रखना जरूरी लगता है। यह बेवजह नहीं है कि पिछले कई दशकों से चुनावी राजनीति में वैसे लोग भी आम होते गए हैं, जिन पर छोटे-बड़े से लेकर जघन्य अपराधों तक में शामिल रहने का आरोप होता है। हैरानी की बात यह भी है कि जब कोई दागी पृष्ठभूमि का व्यक्ति चुन कर जनप्रतिनिधि बन जाता है, तो उसे टिकट देने वाली पार्टी यह बताना भी जरूरी नहीं समझती कि उसके सामने ऐसी क्या मजबूरी या वजह थी कि जानते-बूझते हुए भी उसने आपराधिक छवि के किसी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने लायक समझा।

राजनीतिक दलों के इस रुख पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में दागी पृष्ठभूमि के लोगों को उम्मीदवार बनाने के कारणों को सार्वजनिक करने में सभी दल विफल रहे। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) ने इक्यावन राजनीतिक दलों की ओर से दाखिल किए गए दस्तावेजों के आधार पर तैयार अपनी रिपोर्ट में बताया कि 1,405 उम्मीदवारों में से 191 के बारे में जरूरी जानकारी नहीं दी गई। जबकि नियमों के मुताबिक मतदाताओं को उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में बताने के साथ-साथ यह भी बताना जरूरी है कि किसी राजनीतिक दल ने एक दागी को ही उम्मीदवार क्यों चुना और इसके लिए किसी बेदाग छवि वाले व्यक्ति को क्यों नहीं चुना। जाहिर है, ऐसा करने पर पार्टियों के सामने एक नैतिक बाधा खड़ी हो जाएगी कि उन्हें राजनीति में अपराधीकरण को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। मगर लगभग सभी राजनीतिक दलों का इस तरह का रुख ही क्या इसके लिए जिम्मेदार नहीं है कि आज नागरिकों के सामने ईमानदार और बेदाग जनप्रतिनिधि चुनने के विकल्प सिमटते जा रहे हैं?

वैश्विक भागीदारी बढ़ाने का संकल्प

ब्रिक्स केवल आर्थिक सहयोग के मंच के रूप में ही नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। शिखर सम्मेलन में इसी संदेश की गूंज सुनाई दी।

ब्रह्मदीप अलूने

देश की राजधानी दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ है, जब विश्व की राजनीति और अर्थव्यवस्था बहुध्रुवीय दिशा में आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का संकट और व्यापारिक तनाव ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के सामने नई चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे में ब्रिक्स केवल आर्थिक सहयोग के मंच के रूप में ही नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन स्थापित करने में भी बड़ी भूमिका निभा सकता है। इसमें दोराय नहीं कि सहयोग और स्थिरता का निर्माण विभिन्न देशों के बीच संवाद, विश्वास एवं साझेदारी को मजबूत करता है। आज वैश्विक तनाव, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी परिवर्तन, जलवायु संकट और सुरक्षा चुनौतियों के बीच विश्व शांति, संतुलित विकास और प्रभावी अंतरराष्ट्रीय सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। ब्रिक्स सम्मेलन में आम सहमति से जारी घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट नजर आई की उभरती अर्थव्यवस्थाओं को बदलती वैश्विक व्यवस्था में अधिक प्रभावी भूमिका देने की जरूरत है।

ब्रिक्स देश आर्थिक, तकनीकी और कूटनीतिक सहयोग बढ़ाकर वैश्विक संस्थाओं में सुधार की मांग को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ा सकते हैं। हालांकि, सदस्य देशों के राष्ट्रीय हित, राजनीतिक मतभेद और आर्थिक असमानताएं भी एक चुनौती है, मगर साझा सहमति से यह समूह विश्व व्यवस्था को बहुध्रुवीय, प्रतिनिधिमूलक और संतुलित बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इसके संकेत ब्रिक्स के 'नई दिल्ली घोषणापत्र' में नजर आते हैं, जिसमें वैश्विक शांति, संघर्षों का कूटनीतिक समाधान, आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग, बाधा रहित व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, तकनीकी एवं डिजिटल सहयोग और वैश्विक संस्थाओं में सुधार जैसे विषय शामिल किए गए हैं। इस घोषणापत्र को ब्रिक्स और भारत की सफलता के रूप में देखा जा सकता है, क्योंकि सदस्य देशों ने मतभेदों के बीच साझा सहमति कायम की और वैश्विक शांति, बहुपक्षवाद, आर्थिक सहयोग, विकास तथा वैश्विक संस्थाओं में सुधार जैसे मुद्दों पर सामूहिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

भारत के सामने भी अब इन कूटनीतिक अवसरों को ठोस परिणामों में बदलने की चुनौती है। रूस, चीन, ईरान और वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ बने संवाद को आर्थिक, रणनीतिक एवं तकनीकी सहयोग से आगे बढ़ाना भारत के हित में होगा। बदलते वैश्विक परिदृश्य में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन की भारत यात्रा महज एक शिखर सम्मेलन में भागीदारी नहीं थी। यह ऐसे समय में हुआ, जब दुनिया शक्ति-संघर्ष, युद्ध, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और पश्चिम एशिया में तनाव के दौर से गुजर रही है। ऐसे में रूस, चीन, ईरान और वैश्विक दक्षिण के प्रमुख प्रतिनिधियों का भारत आकर एकजुटता दिखाना नई दिल्ली की कूटनीतिक क्षमता और बढ़ती स्वीकार्यता का महत्त्वपूर्ण संकेत है। यह अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए भी संदेश है कि वैश्विक राजनीति में शक्ति के नए केंद्र उभर रहे हैं। ब्रिक्स सम्मेलन के अवसर पर पुतिन की उपस्थिति रूस-भारत संबंधों की निरंतरता का प्रतीक बनी है। शी जिनपिंग की

मौजूदगी भारत-चीन संवाद की आवश्यकता को रेखांकित करती है, जबकि पेजेश्कियन की भागीदारी पश्चिम एशिया, ऊर्जा और संपर्क मार्गों के संदर्भ में भारत की भूमिका के महत्त्व को दर्शाती है। ब्रिक्स सम्मेलन में ईरान की सक्रिय भागीदारी अपने आप में दुनिया के लिए एक बड़ा कूटनीतिक संदेश है। इससे

> **ब्रिक्स की आर्थिक क्षमता, विशाल जनसंख्या, प्राकृतिक संसाधन और वैश्विक दक्षिण में बढ़ती स्वीकार्यता इसकी ताकत है। मगर उसके समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं है। हालांकि, ब्रिक्स देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार और वैकल्पिक वित्तीय व्यवस्था की दिशा में प्रयास जारी है, मगर डालर आधारित व्यवस्था का मजबूत विकल्प अभी तक सामने नहीं आया है। ब्रिक्स का प्रभाव आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में तो दिखाई देता है, लेकिन सामूहिक रणनीतिक शक्ति के रूप में उसकी भूमिका अभी विकासशील अवस्था में है। फिर भी वैश्विक संस्थाओं में सुधार, व्यापार, जलवायु, स्वास्थ्य और तकनीकी सहयोग जैसे मसलों पर ब्रिक्स अपनी भूमिका बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।**

अमेरिका को भी यह आभास हुआ है कि ईरान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग नहीं है और उभरती शक्तियों के साथ उसके संबंध महत्त्वपूर्ण बने हुए हैं।

इस सम्मेलन ने भारत को रूस, चीन और ईरान के साथ उच्चस्तरीय संवाद का अवसर दिया है। बहुपक्षीय बातचीत से जहां रूस के साथ ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष और व्यापार सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी, वहीं चीन के साथ सीमा पर शांति कायम रखते हुए व्यापार असंतुलन और बाजार पहुंच जैसे मुद्दों पर प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। ईरान के साथ चाबहार, ऊर्जा, संपर्क और क्षेत्रीय स्थिरता को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी है। ऐसे में भारत आने वाले समय में अमेरिका और यूरोप के साथ संबंधों को कमजोर किए बिना सभी शक्ति केंद्रों के साथ संवाद रखने वाली स्वतंत्र कूटनीति पर आगे बढ़ सकता है।

ब्रिक्स की आर्थिक क्षमता, विशाल जनसंख्या, प्राकृतिक संसाधन और वैश्विक दक्षिण में बढ़ती स्वीकार्यता इसकी ताकत है। विस्तारित ब्रिक्स विश्व की बड़ी आबादी और वैश्विक अर्थव्यवस्था के अहम हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन उसके सामने चुनौतियां भी कम नहीं है। हालांकि, ब्रिक्स देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार और वैकल्पिक वित्तीय व्यवस्था की दिशा में प्रयास जारी है, मगर डालर आधारित व्यवस्था का मजबूत विकल्प अभी तक सामने नहीं आया है। ब्रिक्स का प्रभाव आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में तो दिखाई देता है, लेकिन सामूहिक रणनीतिक शक्ति के रूप में उसकी भूमिका अभी विकासशील अवस्था में है। वैश्विक संस्थाओं में सुधार, व्यापार, जलवायु, स्वास्थ्य और तकनीकी सहयोग के मुद्दों पर ब्रिक्स अपनी भूमिका बढ़ा रहा है। आने वाले समय में उसकी सफलता इस बात से तय होगी कि सदस्य देश अपने आर्थिक सामर्थ्य को कितनी प्रभावी सामूहिक कार्रवाई में बदल पाते हैं।

आयोजन और कूटनीतिक मेजबानी की दृष्टि से ब्रिक्स सम्मेलन भारत के लिए बड़ी सफलता रहा, मगर इस दौरान डालर आधारित वित्तीय व्यवस्था को चुनौती देने, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को गति देने और वैकल्पिक भुगतान व्यवस्था को मजबूत करने जैसे मसलों पर अपेक्षित ठोस प्रगति दिखाई नहीं दी। इससे यह प्रश्न भी उठता है कि क्या ब्रिक्स आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव के अनुरूप सामूहिक निर्णय लेने की क्षमता विकसित कर पाया है? चीन का बढ़ता प्रभाव कई सदस्य देशों के लिए चिंता का विषय है। परस्पर व्यापार में गहरी असमानताएं और भारत-चीन संबंधों की जटिलताएं ब्रिक्स की सामूहिक क्षमता को प्रभावित करती हैं। दूसरी ओर, ब्रिक्स के अनेक देशों के अमेरिका के साथ मजबूत आर्थिक और रणनीतिक संबंध हैं। ऐसी विविध परिस्थितियां ब्रिक्स के सामने साझा दृष्टिकोण और सामूहिक निर्णय की चुनौती बढ़ाती हैं।

ब्रिक्स के सामने एक बुनियादी प्रश्न यह भी है की यह समान भागीदारी वाला बहुपक्षीय मंच बनेगा या चीन का आर्थिक प्रभाव इस पर हावी रहेगा। रणनीतिक रूप से रूस की नजदीकियां चीन के साथ हैं। ईरान के चीन से गहरे संबंध हैं, जबकि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और अन्य सदस्य देश अपनी अलग आर्थिक प्राथमिकताएं रखते हैं। दूसरी ओर, भारत ब्रिक्स को अमेरिका विरोधी गठबंधन बनाने के बजाय इसे व्यावहारिक सहयोग का मंच बनाए रखना चाहता है। नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में भारत ने साझा मुद्रा जैसे मुद्दे को आगे बढ़ाने के स्थान पर राष्ट्रीय मुद्राओं और भुगतान प्रणालियों में सहयोग पर जोर दिया। यदि ब्रिक्स हर तरह से संतुलन को कायम रखता है, तो वह बहुध्रुवीय विश्व का प्रभावी मंच बन सकता है, लेकिन संतुलन बिगड़ने पर उसके भीतर अविश्वास और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा बढ़ने से इनकार नहीं किया जा सकता।

करुणा का जीवन

अखिलेश श्रीवास्तव चमन

दुनिया मेरे आगे

एक स्वस्थ, समरस, सहिष्णु तथा उन्नत मानवीय मूल्यों से संपन्न समाज के लिए उसके नागरिकों में करुणा का होना अनिवार्य है। करुणा विहीन समाज क्लेश रहित हो ही नहीं सकता। जो समाज जितना ही अधिक करुणा प्रधान होगा, वह उतना ही अधिक मानवीय और विकासशील होगा। दरअसल, करुणा एक व्यक्तिगत गुण है। यह मानव मन की आर्द्रता को व्यापकता देता है। उसके व्यक्तित्व को निष्काम उदार और उदात्त बनाता है। चूंकि समाज मनुष्यों का समूह होता है, इसलिए उदात्त चरित्र वाले व्यक्तियों का समाज अपने आप ही उदात्त मानवीय मूल्यों से युक्त हो जाता है। उदात्त मानवीय मूल्य का अभिप्राय है- पर-पीड़ा को आत्मसात करना।

विडंबना यह है कि हम जैसे-जैसे प्रगति करते गए, हमारे अंदर मानवीय मूल्यों का क्षरण होता गया। आज के भौतिकतावादी समय में, जबकि सामाजिक जीवन के सारे संबंध और कार्य-व्यापार अर्थ केंद्रित हो चुके हैं, मानवीय मूल्यों की बात करना हास्यास्पद लगता है। यह स्वार्थपरता के उत्कर्ष और मानवीय मूल्यों के घोर पतन का समय है। मानवीय मूल्य मनुष्य की सोच का विस्तार करते हैं, उसे व्यक्ति से समष्टि की ओर ले जाते हैं और उसके अंदर 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना जागृत करते हैं। मगर आज आदमी की सोच सीमित, संकुचित और आत्मकेंद्रित होती जा रही है। वह स्वहित के आगे सोच ही नहीं पाता। मानव चित्त के इस विकार का प्रमुख कारण है, उसके अंदर करुणा की भावना का ह्रास।

करुणा दूसरे के दुख से दुखी होने की भावना है। कोई आवश्यक नहीं कि वह दूसरा हमारा सगा-संबंधी या परिचित ही हो। करुणा की भावना किसी भी प्राणि-मात्र के प्रति हो सकती है। मानव मन से जुड़ी कई ऐसी अन्य भावनाएं- यथा दया, माया, प्रेम, ममता, अहिंसा, सम्मान, सहानुभूति आदि भी हैं. जिन्हें करुणा के समकक्ष समझा जाता है, लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। करुणा की भावना उपर्युक्त सभी के मुकाबले अधिक गहरी, प्रभावी और सघन होती है। बाकी सारी भावनाओं का संबंध बुद्धि से होता है, जबकि करुणा का संबंध हृदय से। अन्य सारे भाव याचित हो सकते हैं, लेकिन करुणा सदैव स्वतःस्फूर्त होती है। अन्य भाव पात्र सापेक्ष होते हैं, जबकि करुणा समस्त प्राणियों के प्रति एकसार। करुणा का प्रभाव असीम है।

> **करुणा जहां हमारे चित को शांत, संतुष्ट और धीर बनाती है, वहीं घृणा तथा क्रोध हमें अशांत असंतुष्ट और उग्र बनाते हैं। करुणा हमें दूसरों के साथ जोड़ने का काम करती है, वहीं घृणा और क्रोध अलगाने का। करुणा निर्माण और विकास का मार्ग प्रशस्त करती है, वहीं घृणा और क्रोध ध्वंस एवं विनाश का। करुणा हमें उदार बनाती है, घृणा और क्रोध संकुचित और स्वार्थी।**

करुणा मानव की मूल प्रवृत्ति है, मानव के स्वभाव का अभिन्न अंग है। बाकी भाव उम्र तथा समझ के साथ क्रमशः विकसित होते हैं, लेकिन करुणा जन्मजात होती है। एक अबोध बच्चा करुणा से भरा होता है। वह अपनी मां को दुखी देख कर दुखी हो जाता है। भाई-बहनों को रोते देख कर रोने लगता है। यहां तक कि पशु-पक्षियों तक की पीड़ा को देख कर द्रवित हो जाता है। बच्चा किसी असहाय, अपाहिज, घायल या भिखारी को देख कर करुणा से भर जाता है। उसकी सहायता करने के लिए विकल हो उठता है, लेकिन वही बच्चा जब बड़ा होता है, उसके बुद्धि तत्त्व का विकास होता है, तो स्थिति बदल जाती है। वह किसी असहाय, अपाहिज या भिखारी को देख कर मुंह फेर लेता है। तात्पर्य यह कि मनुष्य जैसे-जैसे बड़ा होता है, वैसे-वैसे समझदार और दुनियादार होता है, उसके अंदर से करुणा की भावना कम होती जाती है। यह नकारात्मक विकास मानवीय मूल्यों पर कुठाराघात है और इसलिए चिंतनीय है।

करुणा का विपरीत भाव है घृणा और क्रोध। करुणा जहां हमारे चित्त को शांत, संतुष्ट और धीर बनाती है, वहीं घृणा तथा क्रोध हमें अशांत असंतुष्ट और उग्र बनाते हैं। करुणा हमें दूसरों के साथ जोड़ने का काम करती है, वहीं घृणा और क्रोध अलगाने का। करुणा निर्माण और विकास का मार्ग प्रशस्त करती है, वहीं घृणा और क्रोध ध्वंस एवं विनाश का। करुणा हमें उदार बनाती है, घृणा और क्रोध संकुचित और स्वार्थी। प्रश्न उठता है कि मनुष्य के इस नकारात्मक विकास के कारण क्या हैं। इसका मुख्य कारण है बचपन में सही मार्गदर्शन न होना। बचपन ही वह अवस्था है जिसमें भावी जीवन की नींव पड़ती है। आज हम नई पीढ़ी की नींव ही गलत ड़ाल रहे हैं। घर परिवार और समाज से लेकर विद्यालयों तक, कहीं भी बच्चों को एक संवेदनशील मनुष्य के रूप में विकसित करने का प्रयास नहीं हो रहा है। पहले घरों में महापुरुषों की तस्वीरें हुआ करती थीं, जो प्रेरणा देने का काम करती थीं। मगर अब वैसी तस्वीरें गायब हो चुकी हैं। उनका स्थान फिल्मी नायकों तथा क्रिकेटरों ने ले लिया है। महापुरुषों के जीवन से जुड़ी बोध कथाओं को अब दकियानूसी मान लिया गया है। नैतिक शिक्षा और आदर्श की बातें आज परिहास का विषय बन चुकी है। हमारी सोच अर्थ प्रधान हो चुकी है। येन-केन-प्रकारेण अधिकाधिक संपन्नता और सुख के साधन अर्जित कर लेना ही जीवन का उद्देश्य बनता जा रहा है। गलत तरीकों से संपन्न बने लोग समाज के आदर्श माने जाने लगे हैं। ऐसे दूषित समाज में विकसित हो रहे बच्चों के अंदर करुणा और मानवीय मूल्यों के बीज अंकुरित ही नहीं हो पाते हैं।

करुणा मानवीय मूल्यों और प्रकारांतर से एक स्वस्थ समुन्नत समाज का मूल आधार है। यही कारण है कि सभी महापुरुषों ने मानव मात्र के अंदर करुणा के रक्षण का संदेश दिया है। दरअसल, करुणा का भाव ममता, दयालुता, सहिष्णुता, सहृदयता, सहानुभूति और प्रेम इत्यादि समस्त कोमल भावनाओं की जन्मदात्री है। करुणा से युक्त मनुष्य किसी भी दशा में अनैतिक, असामाजिक और आततायी नहीं हो सकता है। करुणा मनुष्य के अंदर आत्म-चिंतन को जागृत करती है और इस प्रकार उसे निर्दयी होने तथा गलत मार्ग पर जाने से रोकती है। पत्तियां कभी फूल बनने की जिद नहीं करतीं।

मुनाफे की होड़

दिल्ली के सत्य निकेतन में बहुमंजिला इमारत का ढहना सिर्फ एक हादसा नहीं। आखिर क्या वजह है कि जर्जर भवनों को पहचानने और उनकी निगरानी करने में व्यवस्था नाकाम साबित हो रही है। जब इमारत पहले से जर्जर थी, तो उसमें और निर्माण करने की अनुमति किसने दी? और यदि अनुमति नहीं थी, तो निर्माण को रोकने वाला तंत्र कहां था? बरसात के दिनों में कमजोर इमारत के भूतल में खुदाई या निर्माण कितना बड़ा जोखिम पैदा कर सकता है, यह समझने के लिए किसी विशेषज्ञ की जरूरत नहीं। फिर भी जिम्मेदार महकमे शायद हादसे का इंतजार करते रहे। जर्जर भवनों को खड़े रहने देने और उनमें नियम विरुद्ध निर्माण होने देने के लिए केवल भवन मालिकों को दोषी ठहराना पर्याप्त नहीं होगा। भवन मालिक अधिक से अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं, जबकि व्यवस्था का काम यह सुनिश्चित करना है कि मुनाफे की यह दौड़ किसी की जिंदगी पर भारी न पड़े। मगर जब नियमों की निगरानी करने वाले ही आंखें मूंद लें और अवैध निर्माण को समय रहते रोकने के बजाय हादसे के बाद जांच बैठाई जाए, तब कानून किताबों में ही रह जाता है।

– विभूति बुपक्या, दिल्ली

स्वच्छता के मायने

'प्रदूषण की परवाह' (संपादकीय, 10 सितंबर) पढ़ा। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 के परिणाम एक ओर उत्साह जगाते हैं, तो दूसरी ओर हमारी वायु-प्रबंधन व्यवस्था की गंभीर तस्वीर भी सामने रखते हैं। एक सौ तीस शहरों के मूल्यांकन में प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों पर नियंत्रण, शहरों की स्वच्छ वायु कार्ययोजना का क्रियान्वयन तथा सुधार के प्रयासों को आधार बनाया गया। अहम बात यह है कि स्वच्छ वायु केवल रैंकिंग का विषय नहीं, नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता का प्रश्न है। 2026 में पहली बार 7,400 से अधिक वार्डों को भी सर्वेक्षण में शामिल किया गया है, जो स्वागतयोग्य है। मगर पुरस्कार पाने वाले शहरों को आत्मसंतोष से बचना होगा। सड़कों की धूल, वाहनों का धुआं, निर्माण-कार्य, कचरा जलाना और औद्योगिक उत्सर्जन पर निरंतर नियंत्रण ही वास्तविक सफलता है। हवा की स्वच्छता प्रमाणपत्र से नहीं, फेफड़ों में महसूस होने वाली सांस से सिद्ध होगी।

– इशरत अली कादरी, भोपाल

उपेक्षा का दंश

'बुजुर्गों की सुध' (संपादकीय, 9 सितंबर) पढ़ा। पहले संयुक्त परिवारों में बुजुर्गों की देखभाल कई सदस्य मिल-जुल कर लेते थे। बच्चों और बुजुर्गों का साथ-साथ होना दोनों के लिए बहुत आनंदप्रद तथा उपयोगी होता था, लेकिन वर्तमान में संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। अब बेटे और उनके बच्चे प्रायः अलग-अलग स्थानों में रहते हैं। कई बुजुर्गों को चौबीसों घंटे देखभाल की जरूरत होती है। समस्या यह होती है कि जो दंपति अपने माता-पिता या फिर दादा-दादी की लगातार देखभाल करेगा, वह रोजगार और दूसरे काम कैसे करे? यह सही है कि बुजुर्गों की देखभाल करना उनके बच्चों की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है। कानून अपनी जगह है, लेकिन घर-परिवार कानून की अपेक्षा आपसी सहमति, प्रेम, सहयोग और सम्मान से खुशहाल होगा। वृद्धाश्रमों की आवश्यकता आज बढ़ गई है, क्योंकि अगर परिवार बुजुर्गों की देखरेख नहीं करेंगे, तो उन्हें अच्छा विकल्प मिलना चाहिए।

– कमल जोशी, अल्मोड़ा

हरित राजमार्ग

देश भर में राजमार्गों के किनारे अब हरियाली दिखेगी। ये सड़कें केवल आवागमन का हिस्सा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का आधार बन सकती हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की 'आरोग्य वन' पहल महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे राजमार्गों को हरित धमनियों में बदलने की संभावनाएं खुलेंगीं। नीम, आंवला, जामुन, इमली, तुलसी और अश्वगंधा जैसे औषधीय पौधों का रोपण सड़कों की सुंदरता बढ़ाने के साथ आयुर्वेदिक परंपरा और स्वास्थ्य-जागरूकता को बढ़ाएगा। हरित पट्टियां धूल और तापमान कम करने, कार्बन सोखने, मिट्टी बचाने तथा पक्षियों-तितलियों को आश्रय देने में सहायक होंगी। औषधीय खेती किसानों के लिए अतिरिक्त आय का माध्यम बन सकती है, जबकि विद्यार्थियों को संरक्षण गतिविधियों से जोड़ कर इसे जनभागीदारी का स्वरूप दिया जा सकता है।

– आरके जैन 'अरिजीत', बड़वानी

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

सफल सम्मेलन

भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स का 18वां शिखर सम्मेलन हर लिहाज से सफल रहा है। यह सुखद है कि ब्रिक्स के नेताओं ने सर्वसम्मति से नई दिल्ली घोषणापत्र को स्वीकार किया है। वैश्विक संघर्षों और आतंकवाद के विरोध के साथ ही व्यापार, जलवायु, प्रौद्योगिकी और विकास में सहयोग बढ़ाने पर ब्रिक्स देश फिर सहमत हुए हैं। विस्तृत मंथन के बाद जारी नई दिल्ली घोषणापत्र में करीब 140 सूत्रीय घोषणाएं हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा घोषणापत्र में की गई है। चीन की मौजूदगी में इस निंदा का खास महत्व है। पश्चिम एशिया में लगातार तनाव की स्थितियां बनी हुई हैं और इनके समाधान के लिए ब्रिक्स की घोषणाएं बहुत महत्व रखती हैं। परमाणु संघर्ष को लेकर बढ़ती चिंता को संबोधित करना भी बहुत जरूरी था। आज दुनिया में जिस तरह से वैश्विक कानूनों व सहमतियों का उल्लंघन हो रहा है, उसका विरोध बहुत जरूरी था। शांति और सहयोग का संदेश देने में ब्रिक्स का यह सम्मेलन बहुत सफल रहा है।

दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया भाषण भी बहुत प्रभावी रहा है। उन्हें सुनने के लिए रूस के राष्ट्राध्यक्ष व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी मौजूद थे। भारतीय प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि ब्रिक्स सहयोग केवल सरकारों तक ही सीमित न रहे। हमारे उद्यमी, किसान, शोधकर्ता, महिलाएं, युवा और आम नागरिक भी इसमें सक्रिय भागीदार बनें। निस्संदेह, आज के समय में ब्रिक्स एक ऐसा प्रभावी संगठन है, जिसमें दुनिया के गरीब व वंचित देशों की आवाज भी सुनी जा रही है। भारतीय विदेश नीति के अनुरूप ही ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने हर अवसर पर सहयोग की भावना पर बल दिया है। भारत ने अपनी तकनीकी, प्राकृतिक, सांस्कृतिक ताकत का प्रदर्शन तो बखूबी किया है, लेकिन स्वार्थ पर उचित ही परमार्थ की भावना हावी दिखी है। सम्मेलन में भारत की सामूहिक चेतना सजग व सक्रिय दिखी है। जिस तरह से दुनिया भर से आए नेताओं का सत्कार किया गया है, जिस तरह से द्विपक्षीय संवादों की रूपरेखा रही है, उससे भारत के सम्मान में निश्चित ही वृद्धि हुई है। कोई संदेह नहीं, सामूहिक संवाद की तुलना में भारत ने द्विपक्षीय संवादों से ज्यादा कुछ हासिल किया है। ब्रिक्स के सदस्य व भागीदार, दोनों ही तरह के देशों के साथ भारत के रिश्तों में गर्मजोशी बढ़ती दिख रही है।

दुनिया में जैसे वैश्विक कानूनों व सहमतियों का उल्लंघन हो रहा है, उसका विरोध जरूरी था। शांति, सहयोग का संदेश देने में ब्रिक्स का सम्मेलन सफल रहा है।

हालांकि, कुछ ऐसे महत्वपूर्ण मोर्चे हैं, जहां ज्यादा और नई तैयारी के साथ भारत को आगे आना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। इस ब्रिक्स सम्मेलन में भी सुरक्षा परिषद के मामले में पर्याप्त महत्व वाली टिप्पणी नहीं आ पाई है। चीन और रूस ने संयुक्त राष्ट्र, विशेष रूप से सुरक्षा परिषद में, भारत और ब्राजील की अधिक भूमिका की आकांक्षाओं का समर्थन भर किया है। यह कूटनीतिक शब्दावली जमीनी स्तर पर मायने नहीं रखती है। ठीक इसी तरह से टैरिफ पर जो बात हुई है, उसे केवल अमेरिका के संदर्भ में ही देखा जाएगा। अनेक देश विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अवहेलना कर रहे हैं। ब्रिक्स की एक बड़ी कामयाबी है कि डब्ल्यूटीओ में सुधार की जरूरत को याद किया गया है। एक खुली, पारदर्शी, निष्पक्ष, समावेशी और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार प्रणाली ही तमाम देशों को परस्पर सहयोग के लिए आगे ला सकती है। इस दिशा में एक अहम कदम के रूप में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को याद किया जाएगा।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 14 सितम्बर, 1951

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के नये प्रबन्ध-संचालक श्री रूथ ने मुद्रा कोष और विश्व बैंक की छठी वार्षिक बैठक में नयी नीति की घोषणा की है। उन्होंने वादा किया है कि भविष्य में मुद्रा कोष से सदस्य राष्ट्रों को अधिक सहायता दी जाएगी। मुद्रा कोष की धनराशि 800 करोड़ डालर बतायी जाती है और वह अपने पांच वर्ष के जीवन-काल में 85 करोड़ डालर उधार दे चुका है। किन्तु इसे काफी नहीं समझा जाता। लोगों का कहना है कि मुद्रा कोष को जरूरतमन्द सदस्य राष्ट्रों की अधिक सहायता करनी चाहिए। अप्रैल 1950 से मुद्रा कोष ने केवल एक देश ब्राजील को 2 करोड़ 80 लाख डालर की रकम उधार दी है। मुद्रा कोष के साधनों का इस प्रकार जो सीमित उपयोग हो रहा है, उस पर मुद्रा कोष के आलोचक ही नहीं, मित्र भी चिन्तित हो रहे हैं।

किन्तु जो राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक से उधार धनराशि प्राप्त करने की आशा रखते हैं, उनमें श्री रूथ की घोषणा से विशेष आशा अथवा उत्साह की भावना का उदय नहीं होगा। उनकी इस घोषणा के साथ कुछ शर्तें भी जुड़ी हुई हैं। शर्तें यह हैं कि जो देश मुद्रा कोष से सहायता प्राप्त करना चाहेंगे, उन्हें अपनी मुद्राओं को स्थिर आधार प्रदान करने के लिए मुद्रा-स्फीति विरोधी कार्यक्रम पर अमल करना होगा और अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिबन्धों को हटाना अथवा ढीला करना होगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रबन्ध संचालक की मांग है कि जो देश मुद्रा कोष के साधनों से लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें अपने देश के भीतर सरकारी और गैर सरकारी खर्चों पर अंकुश लगाना चाहिए; करों में वृद्धि करनी चाहिए और मुद्रा विनिमय पर लगे हुए प्रतिबन्धों को हटाना चाहिए। बहुत से देशों के लिए इन शर्तों को पूरा करना आसान नहीं होगा और वे उन्हें पूरा करने में असमर्थता अनुभव कर सकते हैं। उस दशा में उन्हें अभी की भांति मुद्रा कोष की सहायता से वंचित रहना पड़ेगा।

मुद्रा कोष के विधान में ही यह धारा है कि मुद्रा कोष के कार्यकाल के पांच वर्ष पूरे हो जाने के बाद सदस्य राष्ट्रों को कोष के अधिकारियों से परामर्श करना होगा कि चालू अदायगी अथवा विदेशी मुद्राओं के विनिमय पर किस हद तक प्रतिबन्ध जारी रखे जा सकते हैं अथवा विदेशी मुद्राओं के साथ भेदभाव किया जा सकता है। पांच वर्ष की अवधि मार्च 1952 में पूरी हो जायेगी।

दिल्ली घोषणा-पत्र ब्रिक्स की कामयाबी

आलोक जोशी | वरिष्ठ पत्रकार

ब्रिक्स को सामरिक संगठन के बजाय आपसी सहयोग के लिए और वैश्विक संगठनों की भूमिका बदलने वाले व्यापारिक समूह की तरह खड़ा करना बेहतर होगा।

आधी दुनिया के देश एक साथ बैठें, एक-दूसरे के विपरीत राजनीतिक राय रखने के बावजूद आर्थिक सहयोग का संकल्प लें और आम सहमति से साझा घोषणा-पत्र स्वीकार करें, तो इसका अर्थ समझना बहुत मुश्किल नहीं है। खासकर इसलिए भी कि भारत की मेजबानी में हुए इस शिखर सम्मेलन में चीन और रूस जैसे देश भी शामिल थे, तो पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात भी। इसीलिए नई दिल्ली घोषणा-पत्र इस ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की एक बड़ी सफलता माना जाएगा।

इसमें अंतरराष्ट्रीय व्यापार की बाधाओं को दूर कर न सिर्फ आपसी व्यापार बढ़ाने, बल्कि एक-दूसरे की मुद्रा में लेन-देन और भुगतान के लिए भी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया है। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र, खासकर उसकी सुरक्षा परिषद और दूसरी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार का भी संकल्प लिया गया। व्यापार के मोर्चे पर एकतरफा टैरिफ या सीमा-शुल्क थोपने या धौंस-पट्टी के दूसरे तरीके आजमाने की सख्त आलोचना की गई और ऐसी व्यवस्था पर जोर दिया गया, जिसमें बहुपक्षीय चर्चा और विमर्श का स्थान हो।

फिर भी, अभी इसे किसी साझा बाजार की तरह देखना या फिर इस समूह द्वारा डॉलर का विकल्प खड़ा करने की कल्पना करना जल्दबाजी होगी। ब्रिक्स एक ऐसा समूह है, जिसके पास दुनिया की लगभग आधी आबादी ही नहीं, एक बड़ी आर्थिक ताकत भी है, लेकिन एक व्यापार समूह से आगे बढ़कर एक संगठित आर्थिक शक्ति बनने जैसी स्थिति में पहुंचने के लिए इसे काफी लंबा रास्ता तय करना होगा।

ब्रिक्स की औपचारिक शुरुआत तो साल 2009 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन के साथ हुई थी। तब इसका नाम भी 'ब्रिक' था। 2010 में दक्षिण अफ्रीका को समूह में जुड़ने का न्योता दिया गया और उसके जुड़ने के बाद ही यह 'ब्रिक्स' कहलाया। हालांकि, अब इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात,

सऊदी अरब व इंडोनेशिया भी शामिल हो चुके हैं, पर 11 सदस्यों वाला यह समूह अब भी पांच देशों के नाम से ही जाना जाता है। इन 11 देशों में दुनिया की लगभग 49.5 प्रतिशत आबादी रहती है। पर्चेजिंग पावर पैरिटी, यानी क्रय-शक्ति के पैमाने पर इन देशों का दुनिया की जीडीपी में 40 प्रतिशत से ज्यादा और विश्व व्यापार में करीब 26 फीसदी हिस्सा है। इसके साथ ही चीन की औद्योगिक क्षमता, भारत का विशाल बाजार और सेवा क्षेत्र, रूस व अरब देशों के ऊर्जा भंडार एवं ब्राजील की खेती का दमखम ब्रिक्स की हैसियत दिखाते हैं।

ध्यान रहे, ब्रिक्स के शुरुआती उद्देश्यों में वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में सुधार को बढ़ावा देना, उभरती अर्थव्यवस्थाओं या विकासशील देशों को विश्व बैंक व आईएमएफ जैसी संस्थाओं में ज्यादा दमदार आवाज देना, सदस्यों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाना और दुनिया के बड़े फैसलों में पश्चिमी देशों के दबदबे को चुनौती देना शामिल था। नई दिल्ली घोषणा-पत्र इस संकल्प को आगे बढ़ाता दिख रहा है।

अब सवाल यह है कि क्या इन उद्देश्यों के साथ खड़े हुए देश मिलकर अपने आप में एक अर्थव्यवस्था बन सकते हैं, तो जवाब 'हां' में देना बहुत मुश्किल है। यहीं ब्रिक्स और यूरोपीय संघ के बीच का फर्क देखना जरूरी है। यूरोपीय संघ केवल देशों का समूह नहीं है। वे एक-दूसरे से जुड़े देश हैं। उनमें रोटी-बेटी के रिश्ते हैं, खुली आवाजाही है। इन देशों ने अपने बाजार एक-दूसरे के लिए धीरे-धीरे खोले, सीमा शुल्क और दूसरी बाधाएं घटाईं या हटाईं और फिर इंसान, सामान और पैसे का आना-जाना भी आसान किया। हालांकि, बीच-बीच में आवाजें भी उठती रहती हैं कि कोई देश यूरोपीय संघ से बाहर रहना चाहता है।

जाहिर है, यूरोपीय संघ जैसी हालत ब्रिक्स में न अभी है, न निकट भविष्य में होने की गुंजाइश दिखती है। इसमें सबसे बड़ी बाधा है भूगोल। भारत, चीन और रूस आसपास जरूर हैं, मगर यूरोप की तरह यहां से वहां जाना असंभव है, खासकर राजनीतिक और रणनीतिक कारणों से। चीन और भारत के बीच तो सीमा विवाद भी है। बाकी देश तो यूं भी दूर-दूर ही हैं। हां, सदस्य देश कुछ मामलों में एक-दूसरे के साथ खड़े हो सकते हैं, मगर इनमें से अनेक देश आर्थिक मोर्चे पर एक-दूसरे के मुकाबले में भी खड़े होते हैं। भारत और चीन के बीच व्यापार तो बहुत बड़ा है, पर दोनों देशों के बीच व्यापक मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। रूस और पश्चिम एशिया के देशों के अपने भू-राजनीतिक हित हैं। ब्राजील और भारत जैसे देशों के बीच भौगोलिक दूरी व्यापार की लागत बढ़ाती है।

ब्रिक्स देशों के बीच आपसी व्यापार 2003 में करीब 8,400 करोड़ डॉलर का था, जो 2024 तक ही बढ़कर 1.17 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुका था। ध्यान देने वाली बात यह है कि जहां विश्व व्यापार में ब्रिक्स देशों की हिस्सेदारी करीब 27 प्रतिशत आंकी जाती है, वहीं इन देशों के बीच आपसी व्यापार दुनिया भर के व्यापार का पांच फीसदी ही होता है।

भारत की नजर से देखें, तो ब्रिक्स के साथ हमारा कारोबारी रिश्ता एकतरफा है। पिछले वित्त वर्ष में भारत का ब्रिक्स देशों के साथ माल का लेन-देन करीब 417.5 अरब डॉलर का रहा, लेकिन इसमें भारत ने मात्र 95.7 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि 321.8 अरब डॉलर का आयात हुआ। यह 226 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार घाटा है, जो पिछले पांच साल में तीन गुना हो चुका है। भारत का सबसे बड़ा निर्यात अब भी अमेरिका को ही होता है। कई और देशों का भी अमेरिका से ऐसा ही संबंध है।

लिहाजा, यह मानना समझदारी नहीं होगी कि इस सम्मेलन के जरिये भारत ट्रंप को कोई संदेश देने की कोशिश कर रहा था। ब्रिक्स में कोई साझा मुद्रा भी नहीं बन रही है। यहां जोर अपनी मुद्रा में व्यापार करने और कैशलेस पेमेंट की प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर है। अच्छा रास्ता भी यही है। ब्रिक्स को एक सामरिक संगठन की तरह खड़ा करने के बजाय आपसी सहयोग के लिए और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भूमिका बदलने या वहां अपने पक्ष में फैसले करवाने के लिए इस्तेमाल करने वाले व्यापारिक समूह की तरह खड़ा करना ही बेहतर होगा।

भारत के लिए सबसे जरूरी है कि वह अपना व्यापार घाटा कम करने या निर्यात बढ़ाने पर जोर दे, न कि पश्चिमी व्यवस्था का विरोध करने के लिए। ब्रिक्स की सफलता की पैमाइश भी डॉलर के कमजोर होने या यूरोपीय संघ की ताकत से मुकाबला करके नहीं होगी। इस समूह की सफलता तब दिखेगी, जब यह देश अपने नागरिकों, व्यापारियों और कामगारों के लिए बेहतर शर्तें और जीवन शैली सुनिश्चित कर पाएंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

अब जेन-जी के रंग-ढंग में आधुनिक बन रही हिंदी

दीपक कुमार भारद्वाज | पत्रकार

एक समय था, जब किसी युवा से पूछा जाता था, 'कैसे हो?' जवाब मिलता, 'अच्छा हूं।' फिर समय ने करवट ली और जवाब हुआ 'बढ़िया हूं।' उसके बाद आया 'मस्त हूं', फिर 'कूल हूं' और अब शायद जवाब होगा, 'सब बढ़िया, फुल वाइब है!' बात सिर्फ जवाब की नहीं है। इस छोटे-से बदलाव में भाषा की पूरी यात्रा छिपी है।

आज की जेन-जी जिस भाषा में बात करती है, वह हिंदी और अंग्रेजी के बीच की कोई असहज स्थिति नहीं, बल्कि डिजिटल युग में जन्म ले रही एक नई भाषायी संस्कृति है। इसमें हिंदी के शब्द हैं, अंग्रेजी के शब्द हैं, स्थानीय बोलियां हैं, इंटरनेट के संकेतक हैं, इमोजी हैं और ऐसे नए मुहावरे भी हैं, जिनका अर्थ शब्दकोश से अधिक उनके संदर्भ में समझ आता है। इसी बदलती हुई भाषा को हम 'हिंदी 2.0' कह सकते हैं। हिंदी दिवस पर हिंदी की उपलब्धियों और उसके गौरव की चर्चा स्वाभाविक है, लेकिन इस बार यह सवाल पूछना अधिक जरूरी है, जिस हिंदी में आज की पीढ़ी जी रही है, क्या हम उस हिंदी को भी पहचानते हैं?

हिंदी दिवस पर हिंदी की उपलब्धियों की चर्चा स्वाभाविक है, पर यह भी पूछा जाना चाहिए कि आज की हिंदी को हम कितना पहचानते हैं?

आज किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का प्रभाव बताने के लिए युवा पीढ़ी 'ऑरा' शब्द का इस्तेमाल करती है। किसी के शानदार प्रदर्शन के लिए 'स्ले' या 'एट' कहा जाता है। किसी में आकर्षित करने की खास क्षमता दिखे, तो उसके पास 'रिज' है। कोई बात सच में कही जा रही हो, तो 'नो कैप' और किसी चीज को लेकर भीतर-ही-भीतर उत्साहित होने पर 'लो-की' जैसे शब्द बातचीत में आ जाते हैं। पहली नजर में ये शब्द हिंदी से बाहर के लग सकते हैं, लेकिन भाषा की प्रकृति ऐसी ही होती है। वह सीमाएं खींचकर नहीं, संवाद से विकसित होती है। मौजूदा डिजिटल हिंदी में ऑरा, वाइब, रिज, डिलुलु, फोमो, घोस्टिंग, ग्लो-अप जैसे शब्द केवल स्लैंग नहीं हैं। वे नई पीढ़ी के अनुभवों को नाम देने के तरीके हैं।

डिजिटल माध्यम हिंदी को बड़ी छलांग दे रहा है। हाल में कविता व साहित्य का सोशल मीडिया, विशेषकर छोटे वीडियो मंचों पर पहुंचना इसी बदलाव का उदाहरण है। पारंपरिक साहित्यिक मंचों से निकलकर कविता अब रील और डिजिटल वीडियो के जरिये नई पीढ़ी तक पहुंच रही है। यहां हिंदी की नई शक्ति सामने आती है। वह अब केवल पाठक नहीं, दर्शक भी खोजती है।

तो क्या 'हिंग्लिश' हिंदी को कमजोर कर रही है? यह बहस नई नहीं है। कुछ लोग मानते हैं कि हिंदी में अंग्रेजी के बढ़ते शब्द उसके मूल स्वरूप को कमजोर कर रहे हैं। यह चिंता समझ में आती है। भाषा की शुद्धता, व्याकरण और साहित्यिक परंपरा को बचाना जरूरी है, लेकिन इतिहास हमें यह भी बताता है कि हिंदी स्वयं कई भाषाओं और बोलियों के संपर्क से बनी है। हिंदी के शब्द-भंडार में संस्कृत, प्राकृत, फारसी, अरबी, तुर्की और अंग्रेजी सहित अनेक स्रोतों का योगदान रहा है। इसलिए हर बाहरी शब्द भाषा के लिए खतरा नहीं होता। कई बार भाषा किसी शब्द को इतना आत्मसात कर लेती है कि उसका मूल ही किसी को याद नहीं रहता।

नई हिंदी की सबसे दिलचस्प कहानी सोशल मीडिया पर दिखाई देती है। आज युवा अपनी स्थानीय बोली में वीडियो बनाकर विदेश तक पहुंच सकता है। बनारस की भाषा दिल्ली के युवाओं की 'वाइब' बन सकती है। राजस्थान का लोकगीत 'ट्रेंडिंग ऑडियो' बन सकता है। बिहार, उत्तराखंड, हरियाणा या पूर्वोत्तर की बोलियां डिजिटल मंच पर अपनी अलग पहचान बना सकती हैं, यानी सोशल मीडिया ने एक महत्वपूर्ण काम किया है। उसने स्थानीयता को पहचान बना दिया है। जो शब्द कभी किसी गांव, कस्बे या मोहल्ले की सीमा में थे, वे अब लाखों लोगों की स्क्रीन पर दिखाई दे सकते हैं। मनुष्य ने पहले संकेतों से बात की, फिर ध्वनियों से, फिर शब्दों से, फिर पत्रों से, फिर किताबों और अखबारों से और अब स्क्रीन से संवाद कर रहा है।

हिंदी दिवस सिर्फ पुरानी उपलब्धियों को याद करने का दिन नहीं होना चाहिए। यह उस हिंदी को देखने का अवसर भी होना चाहिए, जो हमारे सामने बन रही है। वह हिंदी, जो देवनागरी में भी है और रोमन में भी। जो कविता में भी है और मीम में भी। हिंदी का भविष्य इसी स्वीकार में छिपा है कि भाषा को बचाने के लिए उसे रोकना नहीं, बोलते रहने देना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

धर्म क्यों स्थिर रहे

बारिश के मौसम में सिर्फ भारत है, जहां विभिन्न देवताओं की मूर्तियां बनाकर उनका उत्सव मनाया जाता है। इस भीगे मौसम में लोग ज्यादा बाहर घूम नहीं सकते, तो अंतर्मुखी हो जाते हैं। इसका उपयोग पुराने लोगों ने आध्यात्मिक जागरण के लिए किया। बड़ी रचनात्मक ऊर्जा रही होगी, जिसने तरह-तरह के देवताओं की कल्पना की। देवता प्रतीक हैं, मनुष्य के अवचेतन मन के। ये शक्तियां हैं, जो इंसान के भीतर बसती हैं। उन शक्तियों को देवताओं का रूप देकर गढ़ा गया था। जिन्होंने इन कहानियों को रचा होगा, बड़े कल्पनाशील थे, बड़ा काव्य था, अब वे धर्म का हिस्सा बन गए हैं।

गौर कीजिए, चूहे को गणेश जी का वाहन माना गया है। गणेश जी विद्या और बुद्धि के प्रतीक हैं, उनका साधन है तर्क। बुद्धि बहुत तर्क-कुतर्क करती है। वही चूहे का स्वभाव है। चूहा कुतरता रहता है। यह कमाल का अवलोकन है! वेद-पुराणों में देखें, तो *यजुर्वेद* में गणेश का जिक्र मिलता है, वह भी इस तरह कि हम गणेश जी का ध्यान करते हैं, ताकि वह हमारी बुद्धि को प्रकाशित करें, हमें सन्मार्ग के लिए प्रेरित करें। समय की धारा में मूल अर्थ खो गया और लोगों का देवताओं के साथ संबंध सिर्फ मांगने का रह गया।

दूसरे, हम यह भूलते चले गए हैं कि सारे देवता एक मिथक हैं, हमारी 'माइथोलॉजी' का हिस्सा हैं। आज अगर हम यह चाहते हैं कि हमारे सारे पौराणिक प्रतीक आधुनिक मनुष्य के रहनुमा बनें, तो उनको नए रूप ढालना होगा। यह काम कार्ल गुस्ताव युंग ने किया है। विश्व की अनेक सभ्यताओं ने अपने देवताओं के रूप बनाए हैं। ये देवता अवचेतन मन की प्रतिमाएं हैं। मजे की बात यह है कि चूंकि ये मानव मन से उपजी छवियां हैं, इसलिए ये मानवीय भावनाओं से ओतप्रोत हैं। ये क्रोधित भी होते हैं, लालच में भी पड़ते हैं और जरा सी स्तुति-प्रशंसा से प्रसन्न भी हो जाते हैं।

आज के वैज्ञानिक जगत में इनकी कहानियों को जिंदा रखना है, तो इनके मर्म को जानना जरूरी है। विज्ञान और टेक्नोलॉजी ने इतनी ऊंची छलांगें लगाई हैं कि उसके बराबर भावनाओं का भी विकास होना चाहिए, नहीं तो आदमी अपंग रह जाएगा। बुद्धि तो बहुत उत्तुंग हो गई और भाव अभी भी हैं बच्चों जैसे।

यजुर्वेद में गणेश का जिक्र मिलता है, वह भी इस तरह कि हम गणेश जी का ध्यान करते हैं, ताकि वह हमारी बुद्धि को प्रकाशित करें, हमें सन्मार्ग के लिए प्रेरित करें। यह अर्थ अब खो गया है।

ओशो का सुझाव है कि मिथकों से जुड़ी सभी कहानियां बहुत प्यारी हैं और इनको कभी रुकना नहीं चाहिए। समय के साथ इनको बदलते रहना चाहिए, गतिमान रहना चाहिए। अब देवताओं को मानवीय रूप न देकर ऊर्जा की तरह दिखाना चाहिए, तो ही वे नई पीढ़ी के काम आएंगे। लोग हर साल नया मोबाइल बदलते हैं, कंप्यूटर 'अपग्रेड' करते हैं, लेकिन धर्म? धर्म को भी तो अपग्रेड होना चाहिए। धर्म क्यों स्थिर रहे?

अमृत साधना

द्रौपदी मुर्मु | राष्ट्रपति, भारत

ऐसे सभी विद्यार्थियों में, जो किसी कारण से कोई कमी महसूस करते हैं, आत्म-विश्वास जगाना, शिक्षकों का विशेष दायित्व है। हम सब विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। विश्व-स्तरीय शिक्षा व्यवस्था के बल पर ही यह कार्य संभव है।

दुनिया के लिए हिंदी अब अनजान नहीं

एक समय हिंदी को केवल भारत के उत्तरी हिस्से की भाषा माना जाता था, लेकिन आज यह देश-विदेश में संवाद, संस्कृति, शिक्षा और डिजिटल माध्यम की प्रमुख भाषाओं में शामिल हो गई है। संयुक्त राष्ट्र में हिंदी के प्रयोग, विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी अध्ययन या इंटरनेट पर हिंदी की सामग्रियों में तेज वृद्धि इस बात की पुष्टि करती है कि इसका महत्व लगातार बढ़ रहा है। यह अब केवल भाषा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रभावी माध्यम बन चुकी है। हिंदी दिवस (14 सितंबर) की सार्थकता इसी वजह से लगातार बढ़ रही है।

भारत में हिंदी सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, लगभग 44 प्रतिशत भारतीयों की मातृभाषा हिंदी है, जबकि करोड़ों लोग इसे दूसरी भाषा के रूप में प्रयोग करते हैं। संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया है। आज प्रशासन, न्याय, मीडिया, विज्ञापन और मनोरंजन उद्योग में हिंदी की स्वीकार्यता पहले की तुलना में कहीं अधिक व्यापक हो गई है। हिंदी का दायरा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार बढ़ रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में रह रही भारतीय आबादी हिंदी को जीवंत बनाए हुई है। मॉरीशस और फिजी में यह भाषा वहां की शिक्षा का औपचारिक हिस्सा बन चुकी है, जबकि हार्वर्ड, ऑक्सफोर्ड और टोक्यो विश्वविद्यालय जैसे कई विदेशी शिक्षण संस्थान हिंदी भाषा और भारतीय साहित्य के पाठ्यक्रम संचालित करने लगे हैं। विश्व हिंदी सम्मेलन का नियमित आयोजन भी हिंदी के वैश्विक प्रचार का महत्वपूर्ण मंच बन गया है।

हिंदी की लोकप्रियता बढ़ाने में भारतीय सिनेमा और डिजिटल मंचों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। बॉलीवुड की फिल्में और हिंदी गीत दुनिया के अनेक देशों में लोकप्रिय हैं। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम और यू-ट्यूब के जरिये हिंदी सामग्री करोड़ों दर्शकों तक पहुंच रही है। इन सबसे हिंदी के शब्द वैश्विक दर्शकों तक पहुंच रहे हैं। हालांकि, हिंदी को ऊर्जा डिजिटल क्रांति से भी मिली है। आज ग्रामीण भारत का बड़ा वर्ग इंटरनेट पर हिंदी में जानकारी प्राप्त करता है।

साफ है, हिंदी का संसार बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कभी कहा था, राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है। आज यह विचार व्यापक अर्थ ले चुका है। आज हिंदी केवल राष्ट्र की आवाज नहीं, बल्कि विश्व मंच पर भारत की पहचान और संवाद का सशक्त माध्यम बन गई है।

गुंजन कुमारी, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम
हिंदी दिवस



वैश्विक प्रसार के बावजूद कई चुनौतियां

यह सही है कि विश्व स्तर पर हिंदी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। कई देशों में हिंदी बोलने-जानने वालों की संख्या बढ़ी है। भारतीय सिनेमा, डिजिटल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने भी हिंदी को नई पहचान दी है। फिर भी, यह कहना गलत होगा कि हिंदी अपनी सभी बाधाएं पार कर चुकी है। वैश्विक प्रसार के बावजूद इसकी राह में कई चुनौतियां मौजूद हैं।

सबसे बड़ी चुनौती तो उच्च शिक्षा और ज्ञान-विज्ञान की भाषा बनने की है। भारत के अधिकांश प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कानून और वैज्ञानिक शोध की प्रमुख भाषा अब भी अंग्रेजी है। नई शिक्षा नीति 2020 ने भारतीय भाषाओं में पठन-पाठन पर जोर जरूर दिया है, लेकिन हिंदी में गुणवत्तापूर्ण पाठ्य-पुस्तकों, शोध-सामग्री व तकनीकी शब्दावली का अभाव आज भी महसूस किया जाता है। परिणामस्वरूप, अनेक विद्यार्थी रोजगार और शोध के लिए अंग्रेजी को अधिक उपयोगी मानते हैं। दूसरी चुनौती डिजिटल गुणवत्ता की है। इंटरनेट पर हिंदी सामग्री की मात्रा तो बढ़ी है, लेकिन उसकी गुणवत्ता समान रूप से विकसित नहीं हुई। अनेक सरकारी वेबसाइटें और तकनीकी सेवाएं हिंदी में अधूरी या कठिन भाषा का प्रयोग करती हैं। मशीनी अनुवाद तो कई बार अर्थ का अनर्थ कर देता है, जिससे प्रशासनिक और कानूनी दस्तावेजों की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में उच्च गुणवत्ता वाले हिंदी डाटा और मानकीकृत भाषा संसाधनों की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है।

तीसरी चुनौती अंतरराष्ट्रीय संस्थागत मान्यता की है। तमाम प्रयासों के बावजूद हिंदी अभी संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा नहीं बन सकी है, जिसका अर्थ है कि हिंदी की लोकप्रियता और उसकी संस्थागत स्वीकार्यता में अभी भी खाई बनी हुई है। एक महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौती भाषायी संतुलन की है। गौरतलब है कि भारत एक बहुभाषी देश है, जहां तमिल, बांग्ला, मराठी, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और अन्य भाषाओं की समृद्ध परंपरा है। कभी-कभी हिंदी के विस्तार को क्षेत्रीय भाषाओं के लिए चुनौती के रूप में देखा जाता है। वैसे, देखा जाए, तो बाजार और रोजगार का प्रश्न भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उच्च पदों पर अंग्रेजी का प्रभुत्व बना हुआ है। हिंदी में उत्कृष्ट लेखन, अनुवाद, शोध और तकनीकी विशेषज्ञता रखने वालों के लिए अवसर बढ़ रहे हैं, परंतु उनकी संख्या और संस्थागत समर्थन अभी सीमित है। यदि हिंदी को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था से जोड़ना है, तो उद्योग और शिक्षा के बीच बेहतर समन्वय बनाना होगा।

सुजीत कुमार, टिप्पणीकार

अपने पैमाने से सबको न परखें

किसी के बारे में राय बनाना आसान है, उन्हें समझना मुश्किल। दूसरों को समझने के लिए संवेदना और धैर्य चाहिए है। कई बार हमें अपनी पुरानी धारणाएं भी छोड़नी पड़ती हैं। राय बनाना हमें दूसरों से दूर करता है और जब हम उन्हें समझने की कोशिश करते हैं, तो खुद भी बेहतर बन जाते हैं।

सोफी रोसेन हेलस्ट्रम
स्टॉकहोम में लीडरशिप कोच और फियरलेस माइंड की संस्थापक

कभी-कभी हम दूसरों के व्यवहार को देखकर तुरंत कोई राय बना लेते हैं- वह बहुत चुप है, असभ्य है, घमंडी है या लोगों में घुलना-मिलना नहीं जानता। क्या हमने कभी सोचा है कि जो कमी हमें दूसरे में दिखाई दे रही है, कहीं वह हमारी अपनी धारणाओं का आईना तो नहीं?

कुछ समय पहले मैं अपने साथी और कुछ दोस्तों के साथ रात का खाना खा रही थी। सभी बातचीत कर रहे थे, लेकिन मेरा साथी चुपचाप बैठा था। हालांकि, जब हम दोनों साथ होते हैं, तो वह मेरे साथ खूब बातें करता है। हमारे बीच विचारों और मुद्दों पर लंबी चर्चाएं होती हैं। लेकिन, उस शाम नए लोगों के बीच वह अपने खोल में सिमटा हुआ था। मुझे यह अच्छा नहीं लगा। मन में सवाल उठने लगे-मेरे दोस्त उसके बारे में क्या सोचेंगे? क्या उन्हें वह नीरस या उबाऊ लग रहा होगा? घर लौटने के बाद मैं उससे नाराज थी। मन कर रहा था कि उसे समझाऊं कि लोगों के बीच इस तरह चुप रहना ठीक नहीं है। उस समय मैंने ऐसा कुछ नहीं किया। कुछ दिन बाद जब गुस्सा शांत हुआ, तो मुझे लगा कि शायद समस्या उसके व्यवहार में उतनी नहीं थी, जितनी मेरे नजरिये में।

परिवेश और परवरिश से बनती हमारी धारणाएं

हमारी परवरिश और आसपास का माहौल, हमारे मन पर गहरा असर डालता है। सही-गलत व्यवहार की कई धारणाएं हमारे मन में बनती हैं। मेरे लिए अच्छे सामाजिक व्यवहार का मतलब था- खुलकर बोलना, लोगों से सवाल पूछना, अपनी बातें साझा करना और बातचीत में सक्रिय रहना। ऐसा नहीं करने वाले मुझे असहज या असभ्य लगते थे। मेरा साथी मेरे तय मानकों पर खरा नहीं उतर रहा था, इसलिए मैंने उसके व्यवहार को समझने की बजाय उसके बारे में फैसला सुना दिया। बाद में समझ आया कि वह नए लोगों के बीच सहज होने में समय लेता है। वह असभ्य या नीरस नहीं था। उसका लोगों से जुड़ने का तरीका बस मुझसे अलग था। तब समझ आया कि हम सामने वाले को उसकी वास्तविकता में नहीं, अपनी धारणाओं के आईने से देखते हैं।

थिन-स्लाइस जजमेंट

मनोविज्ञान में यह शोध काफी प्रचलित है। शोध बताते हैं कि हम किसी व्यक्ति के व्यवहार की बहुत छोटी झलक देखकर ही उसके व्यक्तित्व के बारे में अनुमान लगाने लगते हैं। कुछ स्थितियों में ये अनुमान सही हो सकते हैं, लेकिन वे पूरी तस्वीर नहीं बताते। यही वजह है जब हमें उनके बारे में अधिक पता चलता है, तो हमारी धारणा बदल जाती है।

कोई राय बनाने से पहले रुकिए

इस अनुभव का सबसे बड़ा असर मेरे ऊपर हुआ। मुझे एहसास हुआ कि जिस कसौटी पर मैं अपने साथी को परख रही थी, उसी कसौटी पर मैं खुद को भी परखती थी। मुझे लगता था कि मुझे हमेशा खुश, उत्साही और मिलनसार दिखना चाहिए। लोगों से बातचीत करनी चाहिए और उनका मनोरंजन करना चाहिए। कहीं न कहीं मुझे डर था कि अगर मैं ऐसी नहीं रही, तो लोग मुझे स्वीकार नहीं करेंगे। जब मैंने दूसरों से यह अपेक्षा करना कम किया कि उन्हें मेरे तय मानकों के मुताबिक व्यवहार करना चाहिए, तो खुद पर भी दबाव कम होने लगा।

दिलचस्प बात यह थी कि मेरे साथी के व्यवहार में भी बदलाव आया। जब उसे लगा कि मैं उसके शांत रहने को गलत नहीं मान रही, तो वह सामाजिक मौकों पर ज्यादा सहज होने लगा। शायद स्वीकार किए जाने का एहसास हमें अपने सहज बना देता है, इसलिए अगली बार जब किसी के व्यवहार से आपको तुरंत कोई राय बनाने का मन हो, तो एक पल रुकिए। खुद से पूछिए-'मैं दूसरों के व्यवहार से इतना परेशान क्यों हूं? मैं दूसरों से कैसे व्यवहार की अपेक्षा रख रहा हूं? मेरी इस अपेक्षा के पीछे कौन-सी पुरानी धारणा या असुरक्षा काम कर रही है?'

दूसरों को आंकने की आदत छोड़ना केवल उनके प्रति उदार होना नहीं है। यह खुद को भी कठोर फैसलों से मुक्त करने का तरीका है। जब हम स्वीकार, संवेदना और जिज्ञासा के साथ लोगों को देखना सीखते हैं, तो रिश्ते ही नहीं, खुद को देखने का हमारा नजरिया भी बदलने लगता है।

दूसरों को समझने में मदद करेंगे ये पांच कदम

1 पहचानें : दूसरों के बारे में अपने विचारों को पहचानें
जब किसी व्यक्ति का व्यवहार आपको खटक रहा हो, तो सबसे पहले अपने मन में चल रहे विचारों को पहचानें। क्या आप उसे असभ्य, घमंडी, कमजोर या अजीब मान रहे हैं? क्या आपको लग रहा है कि आप उससे बेहतर तरीके से व्यवहार करना जानते हैं?
इन विचारों के लिए खुद को दोष देने की जरूरत नहीं। उन्हें पहचानना ही बदलाव की पहली सीढ़ी है।

2 पूछें : दूसरों से कैसे व्यवहार की अपेक्षा ?
अब खुद से पूछें कि आप सामने वाले से वास्तव में क्या उम्मीद कर रहे हैं। क्या आप चाहते हैं कि वह ज्यादा बोले, लोगों से घुले-मिले, आपकी बात माने या आपकी तरह प्रतिक्रिया दे? इससे आप जान पाएंगे कि समस्या केवल सामने वाले के व्यवहार की नहीं, हमारी अपेक्षाओं की भी हो सकती है।

3 गहराई से सोचें : यह मेरे लिए इतना जरूरी क्यों?
अगला सवाल और गहरा है। अगर कोई व्यक्ति आपकी अपेक्षा के मुताबिक व्यवहार नहीं करता, तो आपको उसके बारे में क्या लगता है? मेरे लिए सामाजिक होना अच्छे संस्कार और योग्यता की निशानी था। मुझे लगता था कि जो व्यक्ति लोगों से सहजता से नहीं मिलता, उसमें कोई कमी है। बाद में समझ आया कि यह निष्कर्ष तथ्य नहीं, मेरी पुरानी धारणा थी।

4 समझें : अपनी धारणा के पीछे छिपे मूल्य को
हमारे फैसलों के पीछे कुछ मूल्य और विश्वास काम करते हैं। मेरा यह मानना था कि सामाजिक होना जरूरी है और सामाजिक रूप से कमजोर होना कमजोरी की निशानी है। जबकि अब समझ आया कि शांत होना या नए लोगों के बीच समय लेकर सहज होना किसी व्यक्ति को कम बुद्धिमान, कम सक्षम या कम योग्य नहीं बना देता।

5 तय करें : क्या पुरानी धारणा बदलना चाहेंगे?
अब खुद से पूछें कि आपकी धारणा आपको बेहतर इंसान बना रही है या दूसरों को समझने से रोक रही है। अब मैं लोगों को उनके किसी एक व्यवहार से आंकने के बजाय उन्हें स्वीकारती हूं। सहज जिज्ञासा और संवेदनाओं के साथ उन्हें समझती हूं। यह मानती हूं कि हर किसी को अपने तरीके से सहज होने का अधिकार है।

-tinybuddha.com

विविध

परेशान कर रहे हर विचार का तुरंत हल ढूंढ़ना जरूरी नहीं है। खासकर, जब दिमाग में एक ही तरह के विचार बार-बार शोर मचा रहे हों, तो कुछ समय के लिए विचारों को अलग दिशा में मोड़ देना ही मदद कर देता है। मनोवैज्ञानिक हिबा दहमान दिमाग को शांत करने के लिए कुछ अजीब पर असरदार तरीके अपनाने की सलाह देती हैं। आइए जानें...

कुछ देर के लिए केकड़े की तरह चलें
यह सुनने में अजीब लग सकता है, पर इस तरह साइड की ओर असामान्य ढंग से कदम बढ़ाने पर दिमाग नई चाल से तालमेल बनाने पर केंद्रित हो जाता है। ज्यादा देर नहीं, कुछ सेकेंड ही साइड की तरफ एक-एक पैर बढ़ाते हुए चलें।

अपनी भावना को शब्द दें
मन ही मन चिंता करते रहने के बजाय सीधा कहें 'मैं परेशान हूं,' 'मुझे डर लग रहा है,' 'मैं गुस्से में हूं' भावना को शब्द देने से उसे पहचानना और समझना आसान हो सकता है।

धीरे-धीरे भंवरे की तरह गुनगुनाएं
आराम से सांस लेते हुए कुछ देर हम्म..." की धीमी आवाज निकालें। ध्यान सांस और आवाज पर रखें। यह मन और शरीर को शांत करने की एक सरल कोशिश हो सकती है।

कागज पर लिखें
जिस व्यक्ति से गुस्सा हैं, उसे जो कहना चाहते हैं, वह सब लिख डालें। यह संदेश कहीं भेजना नहीं है, बस इसे अपने पास लिखकर रखें। बाद में इसे पढ़ें और सोचें-क्या यह सच में बहुत बड़ी बात है?

अपने विचार को कार्टून की आवाज दें
मान लीजिए, दिमाग कह रहा है-कोई मुझे पसंद नहीं करता। अब इसे किसी अपने फेवरेट कार्टून की आवाज में बोलकर देखें। इससे आप अपनी उस भावना का मजाक बनते हुए महसूस करेंगे। साथ ही विचार और हकीकत के बीच थोड़ी दूरी बनाने में मदद मिल सकती है। जब हम बार-बार किसी नेगेटिव बात को पूरी गंभीरता से दोहराते रहते हैं, तो वह भावना गहन हो जाती है। वहीं मजाकिया अंदाज देना, हमें उससे उबरने से मदद कर सकता है।

फिल्म की तरह अपनी बात कहें
अपने बारे में ऐसे बोलें, जैसे कोई फिल्म बना रहा हो-'यह व्यक्ति पिछले तीन घंटे से उसी बात के बारे में सोच रहा है।' 'अब यह इसके बारे में सोचेगा।' इस तरह विचारों को नए नजरिये से देख पाएंगे।

आसपास की चीजों पर ध्यान दें
जब मन में बहुत सारे विचार चल रहे हों या बेचैनी महसूस हो रही हो, तो अपना ध्यान आसपास की चीजों पर केंद्रित करें। अपनी शर्ट या कपड़े का स्पर्श महसूस करें। पैरों का जमीन से संपर्क महसूस करें। आंखें बंद करके आसपास से आ रही सभी आवाजों को ध्यान से सुनें। फिर खुद से पूछें- 'मैं इस समय क्या देख रहा हूं? क्या सुन रहा हूं? क्या महसूस कर रहा हूं? क्या सूंघ रहा हूं? अपने आसपास की चीजों को इस तरह महसूस करने से ध्यान, परेशान कर रहे विचारों से हटकर वर्तमान पल पर आता है। इसे ग्राउंडिंग तकनीक कहा जाता है। यह तकनीक मन को शांत करने और खुद को वर्तमान में वापस लाने में मदद कर सकती है।

आपकी सफलता कितनी बड़ी हो, यह आप तय करें

हमें अपने लक्ष्य की जानकारी होनी चाहिए। इसके बिना हम दिशाहीन होकर सिर्फ विस्तार के पीछे भागते रहते हैं। ज्यादा कमाई और ज्यादा फॉलोअर्स या कारोबार के अधिक विस्तार को ही हम सफलता मान लेते हैं। धीरे-धीरे काम इतना बढ़ जाता है कि हमारी मनचाही जिंदगी पीछे छूट जाती है।

हम ऐसे दौर में हैं, जहां सफलता का मतलब लगातार आगे बढ़ना हो गया है। वर्ष 2019 में जब कई लोग टेक कंपनियां शुरू कर रहे थे, निवेश और तेजी से बढ़ने वाले कारोबारों में पैसा कमा रहे थे, तब मैंने ग्रामीण टेक्सास में एक छोटी-सी किताबों की दुकान शुरू की थी। दुकान सफल भी हो गई। इसके बाद मुझसे किया जाने वाला सबसे आम सवाल था- दूसरी दुकान कब खोल रहे हैं? यह आज की सफलता का दिलचस्प पहलू है। एक चीज सफल हुई, तो अगला कदम उसका विस्तार करना मान लिया जाता है? एक दुकान से दो, दो से चार और फिर चालीस, लेकिन, मुझे सफलता की यह परिभाषा सही नहीं लगती।

आपकी नजर में सफलता

द डेली स्टॉइक पॉडकास्ट में नेट सिल्वर ने इसे 'हर चीज को बड़ा करने का जुनून' कहा था। वेंचर कैपिटल की सोच में किसी कारोबार की सफलता का पैमाना अक्सर उसकी संभावित वृद्धि से तय होता है। यही सोच अब रचनात्मक काम और व्यक्तिगत जीवन में भी दिखाई देने लगी है। कितने लोग किसी पॉडकास्ट को सुनते हैं? कितने फॉलोअर्स हैं? कितनी कमाई होती है? हर उपलब्धि को अगले स्तर तक ले जाने की होड़ लगी है।

मेरी नजर में हर चीज को बड़े पैमाने पर ले जाना जरूरी नहीं। एक अच्छा रेस्तरां सफल हो सकता है, भले ही उसकी सैकड़ों शाखाएं न हों। एक लेखक अपने काम से संतुष्ट हो सकता है, भले ही उसकी किताबें बेस्ट सेलर न हों। एक छोटा कारोबार भी सफल हो सकता है- अगर वही उसका लक्ष्य था।

समस्या बड़ा बनने में नहीं है। समस्या तब शुरू होती है, जब यह पता ही नहीं होता कि हमारे लिए कितना पर्याप्त है और हम वास्तव में चाहते क्या हैं? इसके बिना हम दिशाहीन बस दौड़ते रहते हैं। एक दौड़ होती है, हमें बस और कमाई चाहिए और ग्राहक चाहिए। धीरे-धीरे वो काम ही बस जिंदगी बन जाता है।

अपने निशाने से आगे न जाएं

'द 48 लॉज ऑफ पावर' का एक विचार है- जिस निशाने पर आपने लक्ष्य साधा है, उससे आगे न जाएं। जीवन में इसका अर्थ है कि पहले यह तय किया जाए कि जाना कहां है और फिर जब वहां पहुंच जाएं, तब अगर आगे बढ़ने की इच्छा हो, तो ही आगे बढ़ें। कोई अवसर बहुत आकर्षक हो सकता है, लेकिन अगर उसके बदले आपको वह जिंदगी छोड़नी पड़े, जिसे आप जीना चाहते हैं, तो क्या वह सचमुच सफलता है?

अनुशासन को ढंग से समझें

कई बार सिर्फ यह जानना जरूरी होता है कि हमारे लिए क्या महत्वपूर्ण है और किस चीज के लिए 'नहीं' कहना है। यहीं अनुशासन की असली भूमिका सामने आती है। अनुशासन केवल ज्यादा मेहनत करने का नाम नहीं है। कभी-कभी यह लुभाने वाले अवसर को ठुकराने का साहस भी है। हर अवसर स्वीकार करना जरूरी नहीं। हर सफलता को अगले स्तर तक ले जाना भी जरूरी नहीं। कभी-कभी असली सफलता यह समझने में है कि आपके लिए कितना पर्याप्त है। जब वहां पहुंच जाएं, तो आगे भागने के बजाय वहीं ठहरने का साहस रखें। हमारा उद्देश्य ऐसी जिंदगी बनाना है, जिसे आप सचमुच जीना चाहते हैं।

रयान हॉलिडे (ryanholiday.net)

एकदा ज्ञान का घड़ा

घाना की एक लोक कथा है। इसमें अनांसी नामक मकड़ी का एक पात्र है। बात तब की है, जब लोगों को फसल उगाना, कपड़ा बुनना और लोहे के औजार आदि बनाना कुछ नहीं आता था। आकाश में रहने वाले भगवान न्यामे के पास दुनिया का सारा ज्ञान था, जिसे उन्होंने एक मिट्टी के बर्तन में संभाल कर सुरक्षित रखा हुआ था।

एक दिन न्यामे ने अपने ज्ञान का बर्तन अनांसी को दे दिया। हर बार, जब भी अनांसी बर्तन में देखता, तो कुछ नया सीखता। यह बहुत मजेदार था, साथ ही ज्ञान होने का यह एहसास उसे ताकतवर महसूस करा रहा था। लालची अनांसी ने सोचा, 'मैं बर्तन को एक लंबे पेड़ के ऊपर सुरक्षित रख दूंगा, ताकि मैं ही इसका उपयोग कर सकूं।' उसने एक रस्सी से घड़े को अपने पेट से बांध लिया और पेड़ पर चढ़ना शुरू किया। पेड़ पर चढ़ना मुश्किल था, क्योंकि बर्तन बार-बार उसके घुटनों से टकरा रहा था।

एक छोटा बालक नीचे से यह देख रहा था। उसने कहा, 'अगर आप बर्तन अपनी पीठ पर बांध लेंगे, तो चढ़ना आसान हो जाएगा?' अनांसी ने वैसा ही किया। चढ़ना बहुत आसान हो गया। जब वह पेड़ के ऊपर पहुंच गया तो उसने सोचा, 'सारा ज्ञान तो मेरे पास है, तो यह बात मुझे क्यों नहीं सूझी? इसे मुझे छोटे बच्चे से सीखना पड़ा।' ऐसा सोचते ही अनांसी ने घड़े को जमीन पर फेंक दिया। ज्ञान हर तरफ बिखर गया। उसे समझ आ गया था कि ज्ञान बांधकर अपने पास रखने से ज्ञानी नहीं बना जा सकता।

रोजनामचा

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ बढ़ेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

वृष : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा से लाभ होगा।

मिथुन : पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिलेंगे, परंतु कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

कर्क : पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। वाहन सुख बढ़ेगा।

सिंह : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। वाणी के प्रभाव से रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। माता से कारोबार के लिए धन मिल सकता है।

कन्या : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

तुला : मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पढ़ाई के लिए किसी मित्र के साथ किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। माता की सेहत के प्रति सचेत रहें।

वृश्चिक : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। सेहत के प्रति सचेत रहें।

धनु : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

मकर : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। किसी दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी।

कुंभ : मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। पढ़ाई के कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। संतान की सेहत का ध्यान रखें।

मीन : मन शांत रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ में बढ़ोतरी होगी। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

14 सितंबर, सोमवार, **शक संवत्** : 23 भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 29 भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 02 रबि-उल्सानी, 1448, **विक्रमी संवत्** : भाद्रपद शुक्ल तृतीया तिथि प्रातः 07.07 बजे तक पश्चात चतुर्थी तिथि, गरकरण, चंद्रमा तुला राशि में (दिन-रात)।

सूर्य दक्षिणायन। सूर्य उत्तर गोल। वर्षा ऋतु। प्रातः 07.30 बजे से प्रातः 09 बजे तक राहुकालम्। भद्रा सायं 07.26 मिनट से। हरितालिका तृतीया। सिद्धि विनायक व्रत। कलंक चतुर्थी (चंद्रदर्शन निषेध)। पत्थर चौथ।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

नमक से घर के वास्तु दोष कैसे दूर करें :

- घर में धन की बरकत बढ़ाने के लिए घर के दक्षिण पश्चिम कोने में एक कांच के गिलास में पानी में नमक डालकर रखें और उसके ऊपर एक लाल बल्ब लगा दें।
- यदि कोई व्यक्ति लंबे समय से बीमार है, तो उसके सिरहाने एक कांच की कटोरी में नमक रखें एवं उसको हर सप्ताह बदल दें। यदि आपके घर में खुशहाली नहीं है, तो अपने बेडरूम के चारों कोनों में एक सेंधा नमक का टुकड़ा रख दें। घर में नमक जमीन पर नहीं गिरना चाहिए, यह दुर्भाग्य एवं रोगों को जन्म देता है। अगर किसी को नजर आदि लगती है, तो एक मुट्ठी नमक उसके सर से छुआ कर फिर फ्लश कर दें।

वर्ग पहेली : 8451

बाएं से दाएं
1. समाप्ति करवाना; सबसे अंत में बात कहलवा कर चर्चा समाप्त करवाना (4,4)
6. नशीले पदार्थ का सेवन करना; मादक पदार्थ का उपयोग करना (2,3)
8. अंदाज लगाना; मूल्य लगाना; निशान लगाना (3)
9. रिश्ता; संपर्क; संबंध; लगाव (2)
11. योग्यता; शक्ति; सामर्थ्य (3)
12. नाक में डालने वाली औषधि; सुंघनी (2)
15. जोश; मनोवेग (3)
16. होश उड़ना; हौसला पस्त होना (2,3)
18. खरी-खोटी सुनाना, डांटना-फटकारना (3,2,3)

ऊपर से नीचे
2. नशीलापन; सुरूर (4)
3. पुर्जा; मशीन; यंत्र; युक्ति; बीता हुआ दिन (2)
4. आक्रमण करना; प्रहार करना; मारना (2,3)
5. किसी से गिनने का काम करवाना (4)
7. असफल होना; चूक जाना; लक्ष्यच्युत होना; विफल होना (3,2)
10. तारों का समूह; नक्षत्रमंडल (5)
13. संज्ञावाचक शब्द के स्थान पर प्रयुक्त शब्द (4)
14. धमकी देना; भय दिखाना, डराना; डांटना-घुड़कना (4)
17. देर का पका हुआ; पहर पुराना; रात का बचा हुआ; 'ताजा' का विलोम (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8450

1 सि	■	2 स	ला	3 ह	दे	4 ना	■	5 अ
6 र	ट	ना	■	र	■	स	■	प
मा	■	त	■	7 क	स	म	दे	ना
थे	■	8 नी	9 य	त	■	झ	■	रा
10 प	थ	■	श	■	11 खा	■	12 ठ	ग
र	■	13 वि	■	14 न	का	15 ब	■	अ
16 र	ज	त	प	ट	■	र	■	ला
ख	■	र	■	व	■	17 स	मी	प
ना	■	18 क	सू	र	हो	ना	■	ना

सुडोकू : 8405

*मध्यम

			7	6	5			
	6	4				8	3	
	2						9	
		9				2		
1			2		7			9
		6				1		
	9						5	
	8	2				6	4	
			4	3	8			

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8404

9	7	3	2	6	8	4	5	1
1	8	2	3	5	4	7	9	6
4	5	6	9	1	7	8	2	3
5	6	8	7	3	2	9	1	4
2	3	1	4	9	6	5	8	7
7	9	4	1	8	5	3	6	2
3	4	5	8	2	1	6	7	9
6	1	9	5	7	3	2	4	8
8	2	7	6	4	9	1	3	5

चिंतन

ब्रिक्स में बढ़ती भारत की धाक

ब्रिक्स देशों में भारत की बढ़ती भूमिका केवल कूटनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में बढ़ते प्रभाव का संकेत भी है। कभी पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रभुत्व के बरक्स उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मंच माना जाने वाला ब्रिक्स अब विश्व राजनीति के महत्वपूर्ण केंद्रों में शामिल है। ऐसे समय में भारत ने आर्थिक ताकत, कूटनीतिक संतुलन और रणनीतिक स्पष्टता का परिचय दिया और देश की राजधानी दिल्ली में सफल ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की यह सक्रियता बताती है कि नई दिल्ली अब वैश्विक फैसलों की केवल दर्शक नहीं, बल्कि दिशा तय करने वाली शक्ति बनना चाहती है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी अर्थव्यवस्था है। 7.8 प्रतिशत की शानदार जीडीपी वृद्धि ने दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारत की रफ्तार को रेखांकित किया है। जब कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती और अनिश्चितताओं से जूझ रही हैं, तब भारत का तेज विकास उसे ब्रिक्स का महत्वपूर्ण 'ग्रोथ इंजन' बनाता है। यही आर्थिक शक्ति भारत को वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को मजबूती से उठाने का आधार देती है। ब्रिक्स के संयुक्त घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन भी महत्वपूर्ण है। खास बात यह है कि चीन और रूस समेत समूह के सभी सदस्य देशों का समर्थन भारत की कूटनीतिक स्वीकार्यता को दर्शाता है। भारत को स्थायी सदस्यता का हक मिलना केवल भारत की जीत नहीं, बल्कि वैश्विक संस्थाओं को अधिक प्रतिनिधिक और लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में जरूरी कदम होगा। आतंकवाद के मुद्दे पर भी भारत ने अपनी बात मजबूती से रखी है। अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले की सामूहिक निंदा ब्रिक्स के घोषणापत्र में शामिल होना महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। पाकिस्तान के करीबी माने जाने वाले चीन का भी इस सामूहिक रुख से सहमत होना बताता है कि आतंकवाद को लेकर भारत की चिंता को अब नजरअंदाज करना आसान नहीं है। भारत की सबसे बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि शायद उसका संतुलन साधने का कौशल है। एकतरफा प्रतिबंधों के विरोध का ब्रिक्स का रुख भी बदलती वैश्विक आर्थिक राजनीति का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी के बिना लगाए जाने वाले प्रतिबंधों पर सवाल उठना बताता है कि विकासशील देश अब वैश्विक नियमों के निर्माण में अधिक हिस्सेदारी चाहते हैं। हालांकि भारत को इस बढ़ती धाक से आत्ममुग्ध होने के बजाय अपनी चुनौतियों को भी समझना होगा। ब्रिक्स में चीन का प्रभाव बड़ा है और सदस्य देशों के हित हमेशा एक जैसे नहीं हैं। इसलिए भारत की असली परीक्षा समूह को किसी पश्चिम-विरोधी मंच में बदलने की नहीं, बल्कि उसे अधिक संतुलित, व्यावहारिक और बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था का प्रभावी मंच बनाने की है। ब्रिक्स में भारत की धाक इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केवल भारत की आवाज के बुलंद होने की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस दुनिया के बदलने का संकेत है, जिसमें फैसले अब कुछ शक्तियों के बंद कमरों में नहीं, बल्कि नई उभरती शक्तियों की भागीदारी से तय होंगे। भारत को इस अवसर को नेतृत्व में बदलना होगा। अब दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है। जहां पहले अमेरिका यूरोप का दबदबा दिखाई देता था, वहां अब ब्रिक्स देश भी कमतर नहीं रहे। खासकर इन देशों में भारत की भूमिका काफी अहम मानी जा रही है।

विश्लेषण
डॉ. घनश्याम बादल

दिल्ली की दस्तक, दुनिया के दिल तक

भारत के लिए ब्रिक्स सम्मेलन को सफल मानने के पर्याप्त कारण हैं। आज दुनिया युद्धों, व्यापारिक प्रतिबंधों, बढ़ते संरक्षणवाद, ऊर्जा संकट और महाशक्तियों के टकराव से गुजर रही है। ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे परस्पर अलग क्षेत्रीय समीकरण वाले देशों के साथ-साथ रूस, चीन और भारत जैसे अपने-अपने हितों वाले देशों को एक साझा दस्तावेज लाने पर सहमत करना भारत की कूटनीतिक क्षमता का प्रमाण है। उसने ब्रिक्स को खुले तौर पर पश्चिम-विरोधी गठबंधन में बदलने से रोका। यह आसान नहीं था। नई दिल्ली घोषणा ने एकध्रुवीयता के बजाय बहुध्रुवीयता, वैश्विक संस्थाओं में सुधार और विकासशील देशों की अधिक भागीदारी की बात की।

नई दिल्ली में दो दिन तक दुनिया की निगाहें टिकी रहीं। 21 देशों के ब्रिक्स परिवार के नेताओं की मौजूदगी में 18वां शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया। मंच पर मुस्कुराते चेहरे थे, हाथ मिलाते नेता थे और बहुपक्षीय सहयोग के बड़े-बड़े संकल्प भी। लेकिन किसी शिखर सम्मेलन की सफलता का पैमाना तस्वीरें नहीं, उसके बाद बदलने वाले समीकरण होते हैं। अब असली सवाल यह है कि भारत ने ब्रिक्स की अध्यक्षता से क्या पाया, ब्रिक्स अपने उद्देश्यों की ओर कितना बढ़ा और नई दिल्ली से निकली यह कूटनीतिक ऊर्जा बीजिंग, मास्को, पश्चिम एशिया और अमेरिका तक कितनी दूर जाएगी?

भारत के लिए ब्रिक्स सम्मेलन को सफल मानने के पर्याप्त कारण हैं। आज दुनिया युद्धों, व्यापारिक प्रतिबंधों, बढ़ते संरक्षणवाद, ऊर्जा संकट और महाशक्तियों के टकराव से गुजर रही है। ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे परस्पर अलग क्षेत्रीय समीकरण वाले देशों के साथ-साथ रूस, चीन और भारत जैसे अपने-अपने हितों वाले देशों को एक साझा दस्तावेज लाने पर सहमत करना भारत की कूटनीतिक क्षमता का प्रमाण है। उसने ब्रिक्स को खुले तौर पर पश्चिम-विरोधी गठबंधन में बदलने से रोका। यह आसान नहीं था। नई दिल्ली घोषणा ने एकध्रुवीयता के बजाय बहुध्रुवीयता, वैश्विक संस्थाओं में सुधार और विकासशील देशों की अधिक भागीदारी की बात की, लेकिन ब्रिक्स को नाटो जैसे राजनीतिक या सैन्य गुट में बदलने की दिशा नहीं अपनाई। यह भी भारत की बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित वैश्विक संस्थाओं में सुधार का मुद्दा भी आगे बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि घोषणा में चीन और रूस ने भारत तथा ब्राजील की संयुक्त राष्ट्र में अधिक बड़ी भूमिका, जिसमें सुरक्षा परिषद की भूमिका भी शामिल है, के प्रति समर्थन दोहराया।

सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता पाना भारत की विदेश नीति का पुराना लक्ष्य है और ब्रिक्स जैसे मंच पर चीन और रूस से सार्वजनिक समर्थन मिलना इसकी कूटनीतिक पूंजी बढ़ाता है। लेकिन यहीं से सफलता की सीमा भी शुरू हो जाती है। ब्रिक्स ने वैश्विक व्यवस्था बदलने की इच्छा तो जताई है, पर उसे बदलने के औजार अभी सीमित हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार, वैकल्पिक भुगतान व्यवस्था और डॉलर पर निर्भरता कम करने की चर्चा वर्षों से हो रही है। इस सम्मेलन में भी आर्थिक और वित्तीय सहयोग पर जोर रहा, लेकिन कोई ऐसी क्रांतिकारी व्यवस्था सामने नहीं आई जो रातोंरात वैश्विक वित्तीय ढांचे को बदल दे। 'डी-डॉलराइजेशन' की अतिरंजित दिशा से भी दूरी बनाए रखने की सावधानी ही भारत के लिए उचित है, क्योंकि अमेरिका आज भी उसका महत्वपूर्ण व्यापारिक, तकनीकी और रणनीतिक साझेदार है। ब्रिक्स की दूसरी चुनौती उसका अंतर्विरोध है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। रूस पश्चिम से टकराव की स्थिति में है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव है। पश्चिम एशिया में सदस्य देशों के हित हमेशा एक जैसे नहीं हैं। ऐसे में सर्वसम्मति से बयान निकाल लेना उपलब्धि है, लेकिन साझा नीति बनाना उससे कहीं कठिन है। नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात ने भारत-चीन संबंधों में संभावित नरमी की खिड़की खोली है। दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति, व्यापार, बाजार पहुंच और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की जरूरत पर बात की। शी से सात वर्ष बाद यह उच्चस्तरीय संपर्क महत्वपूर्ण है। लेकिन इसे संबंधों में 'रीसेट' कहना अभी जल्दबाजी होगी। सीमा विवाद, व्यापार असंतुलन और रणनीतिक अविश्वास अपनी जगह कायम हैं।

चीन 2027 में ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, इसलिए अब भारत की बनाई दिशा को बीजिंग किस रूप में आगे ले जाता है, यह बेहद महत्वपूर्ण होगा। रूस के संदर्भ में भारत को इस सम्मेलन से लाभ मिला है। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच भी भारत ने मास्को से अपने संबंधों को बनाए रखा है। ब्रिक्स ने रूस को यह मंच दिया है कि वह पश्चिमी दबाव के बावजूद अपने लिए वैकल्पिक वैश्विक साझेदारियां तलाश सके। भारत के लिए इसका अर्थ है कि रूस के साथ ऊर्जा, रक्षा और रणनीतिक संबंध बनाए रखते हुए वह अमेरिकी और यूरोपीय साझेदारी भी जारी रख सकता है। पश्चिम एशिया में भारत की भूमिका भी इस सम्मेलन से मजबूत हुई है। ईरान, यूएई, मिस्र और सऊदी अरब जैसे देशों की मौजूदगी भारत को ऐसे क्षेत्रीय मंच में रखती है जहां उसके ऊर्जा, व्यापार और प्रवासी भारतीयों से जुड़े हित सीधे जुड़े हैं। यदि ब्रिक्स संवाद का मंच बनता है तो भारत अपनी पारंपरिक 'सबके साथ संबंध' वाली नीति को और उपयोगी बना सकता है।

मध्य-पूर्व के मौजूदा संकट पर संयुक्त घोषणा इसी संभावना की ओर संकेत है। अमेरिका और पश्चिम के साथ भारत के संबंधों पर भी इस सम्मेलन का असर होगा, बशर्ते कि यह टकराव के रूप में न देखा जाए। ब्रिक्स ने एकतरफा प्रतिबंधों और संरक्षणवादी व्यापार उपायों की आलोचना की है। इससे वाशिंगटन को असहजता होना स्वाभाविक है। लेकिन भारत ने ब्रिक्स को अमेरिकी-विरोधी मंच नहीं बनने दिया। यही संतुलन आगे भी भारत के लिए जरूरी होगा। भारत अमेरिका से तकनीक, निवेश और रणनीतिक सहयोग चाहता है, जबकि रूस से रक्षा और ऊर्जा संबंध तथा चीन से आर्थिक संबंध पूरी तरह समाप्त नहीं कर सकता। इसलिए भारत की विदेश नीति का मूलमंत्र शायद अब पहले से अधिक स्पष्ट है।

विपक्ष ने हालांकि इस सम्मेलन को लेकर सरकार की उपलब्धियों पर सवाल उठाए हैं कि भारत को इससे ठोस लाभ क्या मिला। विपक्ष का सवाल पूरी तरह ख़ारिज नहीं किया जा सकता। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार से यह पूछना उचित है कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को आर्थिक, रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों में कितनी ठोस उपलब्धि में बदला गया। दूसरी ओर, केवल इसलिए सम्मेलन को असफल कहना भी उचित नहीं कि कोई एक बड़ा आर्थिक समझौता तत्काल सामने नहीं आया। वास्तविक निष्कर्ष इससे बीच में निकलता है। भारत ने ब्रिक्स के उद्देश्यों- बहुध्रुवीय विश्व, वैश्विक दक्षिण की आवाज, संस्थागत सुधार, आर्थिक सहयोग और विकासशील देशों के हित- को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण राजनीतिक सफलता हासिल की है। लेकिन इन उद्देश्यों को स्थायी उपलब्धियों में बदलने की यात्रा अभी शुरू हुई है। सम्मेलन ने दिशा दी है, मंजिल नहीं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

हिंदी दिवस
दीप सारस्वत

दिनकर की हुंकार से कुमार विश्वास की वाणी तक : हिंदी के गौरव की अनवरत यात्रा

किसी राष्ट्र की पहचान केवल उसकी सीमाओं, इतिहास और भूगोल से नहीं बनती, उसकी भाषा और साहित्य भी उसके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। भाषा वह धरोहर है, जिसमें एक सभ्यता अपनी स्मृतियां संजोती है, अपने संस्कारों को पीढ़ियों तक पहुंचाती है और अपने भविष्य के स्वप्नों को शब्द देती है। भारत की साहित्यिक चेतना ने समय-समय पर शब्दों को केवल अभिव्यक्ति नहीं रहने दिया, बल्कि उन्हें राष्ट्र की आत्मा बना दिया। 'बंकिमचंद्र चटर्जी' की लेखनी से निकला 'वंदे मातरम' केवल गीत नहीं रहा, वह भारत माता के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता की चेतना का उद्घोष बन गया। वहीं 'गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर' ने 'जन गण मन' के माध्यम से भारत की विविधता में बसने वाली एकता और राष्ट्र के प्रति सामूहिक श्रद्धा को स्वर दिया। उनके शब्दों में केवल राष्ट्रगान की गरिमा नहीं, बल्कि उस भारत की आत्मा भी है, जिसमें अनेक भाषाएं, संस्कृतियां और आस्थाएं मिलकर एक राष्ट्र का निर्माण करती हैं। यही भारत की सबसे बड़ी शक्ति रही है-यहां साहित्य ने केवल समाज का चित्रण नहीं किया, बल्कि समय आने पर समाज और राष्ट्र की चेतना को दिशा भी दी। इसी विराट भारतीय साहित्यिक परंपरा में हिंदी एक ऐसी सशक्त धारा है, जिसने जनमानस के प्रेम, पीड़ा, संघर्ष, भक्ति और स्वाभिमान को अपनी अभिव्यक्ति दी। हिंदी की यात्रा को कुछ नामों में समेटना संभव नहीं, फिर भी हर युग में कुछ ऐसे रचनाकार हुए, जिन्होंने उसे अपने समय की चेतना से जोड़ा।

'कबीर' ने अपनी निर्भीक वाणी से समाज की जड़ताओं को चुनौती दी। 'गोस्वामी तुलसीदास' ने लोकभाषा में भारतीय जीवन और आस्था को ऐसा स्वर दिया, जो आज भी जनमानस में जीवित है। 'हरिवंश राय बच्चन' ने आधुनिक मनुष्य की संवेदनाओं को कविता में उतारा और 'राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर' ने हिंदी को वह ओज दिया, जिसमें राष्ट्र का स्वाभिमान, संघर्ष और चेतना एक साथ दिखाई देते हैं।'इसी साहित्यिक परंपरा को छत्तीसगढ़ की माटी ने भी अपने विशिष्ट स्वरों से समृद्ध किया है। छत्तीसगढ़ राज्य गीत के रचयिता डॉ. नरेंद्र देव वर्मा ने अपनी लेखनी से प्रदेश की अस्मिता, संस्कृति और स्वाभिमान को शब्द दिए, वहीं पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे ने अपनी विशिष्ट साहित्यिक प्रतिभा और हास्य-व्यंग्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया।'

इन रचनाकारों की महानता केवल उनकी रचनाओं में नहीं थी, बल्कि इस बात में भी थी कि उन्होंने अपने समय को अपनी भाषा में बोलना सिखाया। समय बदलता गया और हिंदी के सामने चुनौतियां भी बदलती रहीं। कभी उसे साहित्यिक प्रतिष्ठा दिलाने का संघर्ष था, कभी जनमानस तक पहुंचने का प्रयास और कभी राष्ट्र की चेतना को स्वर देने का दायित्व। आज चुनौती कुछ अलग है। तकनीक, संचार और बदलती जीवनशैली के इस दौर में भाषा को अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए नई पीढ़ी के मन और समय से संवाद करना है। यहीं आधुनिक हिंदी कविता के एक महत्त्वपूर्ण स्वर के रूप में 'डॉ. कुमार विश्वास' का नाम विशेष रूप से सामने आता है। कुमार विश्वास का महत्त्व केवल उनकी लोकप्रियता में नहीं, बल्कि उस समय की आवश्यकता में है, जिसमें उन्होंने कविता को अपनी वाणी दी। यह वह दौर था, जब अभिव्यक्ति के माध्यम बदल रहे थे, जीवन की गति तेज हो रही थी और कविता के प्रति नई पीढ़ी का संबंध भी बदल रहा था। ऐसे समय में उन्होंने कविता को केवल सुनाने का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि उसे श्रोता के साथ जीवंत संवाद में बदल दिया। उनकी वाणी में साहित्य की गंभीरता है, लेकिन वह बोझिल नहीं होती। उनकी कविता में प्रेम है, विरह है, जीवन के प्रश्न हैं, समाज की चिंता है और राष्ट्र के प्रति आत्मीय भाव भी है। यही बहुआयामी स्वर उन्हें केवल एक लोकप्रिय मंचीय कवि की सीमा से आगे ले जाता है। कुमार विश्वास ने कविता और सामान्य जन के बीच खड़ी उस दूरी को कम किया, जो समय के साथ बढ़ती जा रही थी। उन्होंने कविता को इस तरह प्रस्तुत किया कि साहित्य से दूर व्यक्ति भी उसके भावों में स्वयं को खोज सके। उनके मंच पर बैठा युवा जब कविता में अपने प्रेम, अपनी पीड़ा, अपने संघर्ष या अपने देश के प्रति गर्व को महसूस करता है, तब हिंदी उसके लिए केवल एक भाषा या पाठ्यक्रम का विषय नहीं रहती-वह उसकी अपनी अभिव्यक्ति बन जाती है।

'यही कुमार विश्वास का सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान है-उन्होंने हिंदी कविता को समझने से पहले महसूस करने का अवसर दिया।' उनकी साहित्यिक यात्रा ने आधुनिक समय के एक महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर भी दिया-क्या आधुनिकता और अपनी भाषा साथ-साथ चल सकती हैं? कुमार विश्वास की वाणी इसका सहज उत्तर देती है। आधुनिक होना अपनी भाषा से दूर होना नहीं है। दूसरी भाषाओं का ज्ञान हमारी क्षमता को बढ़ाता है, लेकिन अपनी भाषा में सोचने, महसूस करने और स्वयं को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता हमारी सांस्कृतिक शक्ति है। यही कारण है कि कुमार विश्वास की लोकप्रियता को केवल मंचों पर जुटने वाली भीड़ से नहीं समझा जा सकता। उसका वास्तविक अर्थ उस विश्वास में है, जो उन्होंने हिंदी कविता के प्रति एक नई पीढ़ी के भीतर जगाया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि कविता आज भी लोगों को रुकने, सुनने और भीतर तक महसूस करने के लिए विवश कर सकती है। यदि 'दिनकर' की कविता ने अपने समय में राष्ट्र के भीतर स्वाभिमान और संघर्ष की चेतना को स्वर दिया, तो आधुनिक समय में 'कुमार विश्वास' की वाणी ने कविता को बदलती पीढ़ी के अनुभवों और भावनाओं से जोड़ा। दोनों की भूमिका अपने-अपने समय की आवश्यकताओं से निर्मित हुई है। इसलिए यह तुलना किसी को बड़ा या छोटा सिद्ध करने के लिए नहीं, बल्कि हिंदी की उस निरंतरता को समझने के लिए है, जिसमें हर युग अपनी आवश्यकता के अनुसार एक नया स्वर पाता है। हिंदी की यही निरंतरता उसकी सबसे बड़ी शक्ति है।

हमारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही

संकलित
दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा।

बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं

संकलित
प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जाएगा। राजा ने एक पण्डित जी से बात की। पंडित जी भागवत सुनाने के लिए तैयार हो गए। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरंभ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहा- पंडित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आएं, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरूजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिए मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पंडित जी दोनों को बांध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरूजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहा- तुम पंडित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया की हम बंधे है कैसे एक दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरु जी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बंधन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है? अर्थात नहीं कर सकता है।

अंतर्मन

आज की पाती

बेरोजगार युवा कीमती समय बर्बाद न करें

शिक्षा का मकसद केवल अफसर या बाबू बनने का सपना ही नहीं होना चाहिए। शिक्षा का मकसद विद्यार्थियों को हर उस काम के लिए तैयार करना भी होना चाहिए जिससे वो किसी भी काम को छोटा समझकर अपने रोजगार के अवसर को ठुकरा न दें और बाबू या अफसर बनने के चक्कर में अपना कीमती समय बर्बाद न कर दें। इसमें कोई बुरी बात नहीं है कि बड़े बड़े सपने न देखे जाएं। हर मां-बाप और विद्यार्थियों का सपना होता है कि उच्च शिक्षा और इस पर भारी खर्च करके कोई उच्च कोटि की नौकरी मिल जाए, लेकिन जिस तरह हमारे देश में पढ़े-लिखे युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और बेरोजगारी की लाइन लंबी होती जा रही है, उसके लिए जरूरी हो गया है कि युवा रोजगार का कोई भी मौका हाथ से न जाने दें।

- चंद्रकांत वर्मा, सरायपाली

X ट्रेंड f

ओजस्वी ज्ञान

जिस ओजस्वी ज्ञान ने पूरे विश्व का मार्गदर्शन किया, उसे समाप्त करने के उद्देश्य से नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को जलाया जा सकता है, मगर लोगों की स्मृति मे बसे ज्ञान को कोई समाप्त नहीं कर सकता।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

शिक्षा सिस्टम

भारत का शिक्षा सिस्टम उसी पीढ़ी को निराश कर रहा है जिसे उसे आगे बढ़ाना था। पेपर लीक होना, बहुत ज्यादा फीस और खस्ताहाल इंफ्रास्ट्रक्चर। लाखों युवा भारतीय ईमानदारी से काम करते है, फिर भी सिस्टम उन्हें निराश करता है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

'गोवा फर्स्ट' गठबंधन

बीजेपी का वोटर कभी कांग्रेस को वोट नहीं दे सकता। वे हमारे 'गोवा फर्स्ट' गठबंधन को वोट दे सकते हैं, लेकिन चाहे वे बीजेपी से कितने भी निराश या नाराज क्यों न हों, वे कभी कांग्रेस को वोट नहीं देंगे। वे कांग्रेस से नफरत करते हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

वैश्विक शांति

असली शांति एक बच्चे की निडर मुस्कान है जिसकी आंखों में सपने हों, दिल में कोई सीमा न हो, हाथों में किताबें हों और कदम किसी भी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आजाद हों। हम दुनिया में दया-भाव के बिना वैश्विक शांति हासिल नहीं कर सकते।

-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता

करंट अफेयर

नेपाल में बचाव दल ने की 70 मीटर तक सुरंग साफ

नेपाल में 26 अगस्त को अचानक आई बाढ़ की वजह से चिलीमे जलविद्युत परियोजना की सुरंग में फंसे कर्मियों को बचाने की कोशिश कर रहे भारतीय-नेपाली दल 70 मीटर तक का मलबा हटा चुके हैं और माना जा रहा है छह कर्मचारी वहां फंसे हुए हैं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि सुरंग में जारी बचाव कार्य में मिट्टी खोदने वाली मशीन और मलबा उठाने वाली मशीन की मदद ली जा रही है जिससे अभियान को गति मिली है। उन्होंने कहा कि तकनीकी टीम ने लगभग 70 मीटर और रास्ता साफ किया है। परियोजना प्रबंधक के मुताबिक, जलविद्युत केंद्र सुरंग में और 60 मीटर की गहराई में है। श्रीवास्तव ने कहा कि बचाव दल वहां तक पहुंचने के लिए रात भर काम करते रहे। अधिकारियों ने बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने बचाव स्थल तक पहुंचने के लिए सड़क भी तैयार कर ली है। इसके अलावा, नेपाली सेना ने बताया कि उसने स्याफ्रुबेसी से चिलीमे सुरंग तक एक किलोमीटर से अधिक लंबी पहुंच सड़क बनाई है, जिससे बचाव के उपकरण घटनास्थल के और करीब ले जाए जा सकेंगे। 'खबरहब' समाचार पोर्टल की खबर के मुताबिक, नेपाली सेना और भारतीय बचावकर्मी मिलकर चिलीमे सुरंग के अंदर काम कर रहे हैं।

ऑफ बीट

तापमान दो डिग्री बढ़ने से डूब जाएंगे 1500 तटीय क्षेत्र



दुनिया की अधिकतर प्राकृतिक तटरेखा जीवित रिहायशों द्वारा संरक्षित है, विशेष रूप से गर्म पानी में मैंग्रोव और ध्रुवों के करीब ज्वारीय दलदल। ये पारिस्थितिकी तंत्र मत्स्य पालन और वन्य जीवन की सहायता करते हैं, टकराती लहरों के प्रभाव को अवशोषित करते हैं और प्रदूषकों को साफ करते हैं। लेकिन, इन महत्वपूर्ण सेवाओं को वैश्विक तापमान में लगातार हो रही वृद्धि और समुद्र के बढ़ते हुए जल स्तर से खतरा है। हमने पाया कि अधिकतर ज्वारीय दलदल और मैंग्रोव समुद्र स्तर की वर्तमान दर, लगभग 2-4 मिमी प्रति वर्ष, के साथ तालमेल बनाए हुए हैं। इन परिस्थितियों में प्रवाल द्वीप भी स्थिर दिखाई देते हैं। कुछ स्थानों पर, जमीन डूब रही है, इसलिए समुद्र के जल स्तर में वृद्धि की सापेक्ष दर अधिक है। भविष्य में जलवायु परिवर्तन के तहत अपेक्षित दरों की तुलना में यह 2-4 मिमी का आंकड़ा दोगुना या अधिक हो सकता है। वे धीरे-धीरे डूब रहे हैं और कुछ मामलों में टूट भी रहे हैं। इसके अलावा, ये समुद्र के जल स्तर में वृद्धि की वही दर है जिसके तहत दलदल और मैंग्रोव भूवैज्ञानिक रिकॉर्ड में डूब जाते हैं। ये मामले हमें गर्म होती दुनिया में भविष्य की झलक दिखाते हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।